

# Chapter 3
# रासायनिक बन्धन

अक्रिय गैसों को छोड़कर अन्य सभी तत्वों के परमाणुओं का अष्टक अपूर्ण होता है, अतः वे एक दूसरे के साथ मिलकर रासायनिक बन्ध स्थापित कर लेते हैं। वह बल जो कि किसी अणु में परमाणुओं या आयनों को आपस में बाँधें रखता है **रासायनिक बन्ध** कहलाता है तथा इसके निर्माण की क्रिया **रासायनिक बन्धन** कहलाती है। यह परमाणुओं की संयोजकता पर निर्भर करता है।

## रासायनिक बन्ध बनने का कारण व तरीके (Cause and Modes of chemical combination)

रासायनिक संयोजन न्यूनतम ऊर्जा व अधिकतम स्थायित्व प्राप्त हो जाने के कारण होता है और स्थायी गैस विन्यास प्राप्त करने के लिये परमाणु अणु में बदल जाते हैं।

परमाणुओं को हम तीन वर्गो में बाँटते हैं।

(1) धन विद्युती तत्व जो एक या अधिक इलेक्ट्रॉन आसानी से देते हैं। इनका आयनन विभव निम्न होता है।

(2) ऋण विद्युती तत्व, जो इलेक्ट्रॉन ले सकते हैं। इनकी ऋण विद्युतता का मान उच्च होता है।

(3) तत्व जिनमें इलेक्ट्रॉन प्राप्त करने की कम प्रवृत्ति होती है।

इस प्रकार के परमाणुओं से विभिन्न प्रकार के बन्ध निर्मित होते हैं।

| शामिल परमाणु | प्रकार |
|---|---|
| $A + B$ | विद्युत संयोजक |
| $B + B$ | सह संयोजक |
| $A + A$ | धात्विक |
| इलेक्ट्रॉन न्यून अणु अथवा आयन (लुईस अम्ल) एवं इलेक्ट्रॉन धनी अणु अथवा आयन (लुईस क्षार) | उपसहसंयोजक |
| $H$ एवं ऋण विद्युती तत्व ($F, N, O$) | हाइड्रोजन |

## आयनिक बन्ध (Electrovalent bond)

आयनिक बन्ध बनता है जब धातु परमाणु अधातु परमाणु को एक या अधिक इलेक्ट्रॉन स्थानान्तरित करता है।

$$\dot{Na} + \cdot\ddot{\underset{\cdot\cdot}{Cl}}: \rightarrow [Na]^+ [:\ddot{\underset{\cdot\cdot}{Cl}}:]^- \text{ या } Na^+Cl^-$$

आयनिक बन्ध के कुछ अन्य उदाहरण हैं: $MgCl_2$, $CaCl_2$, $MgO$, $Na_2S$, $CaH_2$, $AlF_3$, $NaH$, $KH$, $K_2O$ , $KI$, $RbCl$, $NaBr$, $CaH_2$ आदि।

### (1) आयनिक बन्ध बनने हेतु परिस्थितियाँ

(i) परमाणु जो केटायन में परिवर्तित होता है उसमें 1, 2 या 3 संयोजी इलेक्ट्रॉन होने चाहिए । अन्य परमाणु जो ऐनायन में परिवर्तित होते हैं उसमें 5, 6 या 7 संयोजी इलेक्ट्रॉन उपस्थित होना चाहिए ।

(ii) यदि बन्धित होने वाले परमाणुओं की ऋणविद्युतताओं में अन्तर बहुत अधिक (लगभग 2 या अधिक) होगा तो बनने वाला बन्ध आयनिक होगा। आयनिक बन्ध समान परमाणुओं के मध्य संभव नहीं है ।

(iii) बन्ध बनाने वाले परमाणुओं का **आयनन विभव** निम्न होना चाहिए ऐसे परमाणुओं के मध्य बन्ध बनने पर यदि अधिक ऊर्जा निकलती है अर्थात **उच्च बन्धन ऊर्जा** होती है तो बनने वाला बन्ध आयनिक प्रकृति का होगा।

(iv) यदि क्रिस्टल की जालक ऊर्जा अधिक होगी तो बनने वाला क्रिस्टल आयनिक प्रकृति का होगा।

"जब स्वतन्त्र आयन आपस में मिलकर एक अणु बनाते हैं तो इस क्रिया में ऊर्जा निकलती है यह जालक ऊर्जा ($U$) कहलाती है।" जालक ऊर्जा $= \dfrac{K}{r^+ + r^-}$; जहाँ, $r^+ + r^-$ धनायन व ऋणायन के बीच अंतर नाभिकीय दूरी

आयनिक बन्ध का उसके घटक तत्वों से निर्माण में जो ऊर्जा परिवर्तन होता है, यह ऊर्जा परिवर्तन ही **बोर्न हैबर चक्र** कहलाता है।



(बोर्न हैबर चक्र)

स्थिर ऊष्मा संकलन के हैस के नियम के अनुसार, आयनिक ठोस के निर्माण की ऊष्मा उपरोक्त परिवर्तन का कुल परिणाम है।

$$\Delta H_f = \Delta H_{\text{ऊर्ध्वपातन}} + \frac{1}{2}\Delta H_{\text{वियोजन}} + IE - EA - U$$

(2) **आयनिक यौगिकों की विशेषताएँ**

(i) आयनिक यौगिक मुख्यतः क्रिस्टलीय प्रकृति के होते हैं इनकी एक निश्चित ज्यामितीय या जालक व्यवस्था होती है जिसमें आयन निश्चित क्रम में व्यवस्थित रहते हैं।

(ii) आयनिक यौगिकों के गलनांक व क्वथनांक अधिक होते हैं सोडियम के हैलाइड और द्वितीय समूह के ऑक्साइडों में गलनांक और क्वथनांक का क्रम निम्न है

$$NaF > NaCl > NaBr > NaI, \; MgO > CaO > BaO$$

(iii) आयनिक यौगिक प्रकृति में कठोर एवं भंगुर होते हैं।

(iv) आयनिक ठोस विद्युत प्रवाहित नहीं करते हैं, जबकि पिघली हुई अवस्था अथवा विलयन में आयनिक यौगिक विद्युत प्रवाहित करते हैं।

(v) आयनिक यौगिक ध्रुवीय विलायकों में आसानी से घुल जाते हैं किन्तु अध्रुवीय विलायकों में ये अघुलनशील होते हैं।

(vi) आयनिक बन्ध अदिशात्मक होते हैं, अतः यह त्रिविम समावयवता प्रदर्शित नहीं करते हैं जैसे प्रकाशीय समावयवता व ज्यामितीय समावयवता।

(vii) आयनिक पदार्थ जलीय विलयन में आयन देते हैं इनकी रासायनिक क्रियाऐं आयनिक क्रियाऐं होती हैं जो कि तीव्रगामी होती हैं।

$$K^+Cl^- + \overset{+}{Ag}\,\overset{-}{NO_3} \longrightarrow \underset{(\text{अवक्षेप})}{\overset{+}{Ag}\,\overset{-}{Cl}\downarrow} + \overset{+}{K}\,\overset{-}{NO_3}$$

(viii) आयनिक यौगिक समरूपता प्रदर्शित करते हैं ।

(ix) आयनिक यौगिक का प्रशीतन वक्र सतत् नहीं होता, इसमें दो विराम बिन्दु होते हैं जो कि प्रशीतन के समय को प्रकट करते हैं

(x) आयनिक यौगिक अक्रिय युग्म प्रभाव एवं कोर के अस्थायित्व के कारण परिवर्ती विद्युत संयोजकता प्रदर्शित करते हैं।

## सहसंयोजी बन्ध (Covalent bond)

सहसंयोजी बन्ध को सर्वप्रथम **लुईस** ने 1916 में प्रस्तावित किया। इस बन्ध के निर्माण के समय बन्ध बनाने वाले दोनों परमाणुओं के मध्य इलेक्ट्रॉनों की साझेदारी होती है जिसके कारण परमाणु अपना अष्टक या द्विज (डुप्लेट) (तत्व की केवल एक कोश की अवस्था में) पूर्ण करता है। इस प्रकार का बन्ध सहसंयोजी बन्ध कहलाता है। दो समान परमाणुओं के मध्य बना सहसंयोजी बन्ध अध्रुवीय होता है, जबकि दो असमान परमाणु जिनकी ऋण विद्युतताऐं अलग–अलग हैं, के मध्य बन्ध ध्रुवीय होगा। सहसंयोजी बन्ध एकल, द्विक या त्रियक हो सकते हैं। हम सहसंयोजी बन्ध निर्माण को लुईस अष्टक नियम द्वारा व्याख्यित करते हैं।

क्लोरीन परमाणु के संयोजी कोश में सात इलेक्ट्रॉन होते हैं, क्लोरीन अणु के निर्माण के समय प्रत्येक क्लोरीन परमाणु एक–एक इलेक्ट्रॉन का योगदान देता है। इस प्रकार दोनों परमाणुओं के मध्य एक इलेक्ट्रॉन जोड़े की साझेदारी होती है और दोनों परमाणु ऑर्गन के समान स्थायी विन्यास प्राप्त कर लेते हैं।



या $Cl - Cl$

कुछ अन्य उदाहरण हैं : $H_2S, NH_3, HCN, PCl_3, PH_3, C_2H_2, H_2, C_2H_4, SnCl_4, FeCl_3, BH_3$, ग्रेफाइट, $BeCl_2$ आदि।

(1) **सहसंयोजी बन्ध निर्माण के लिए परिस्थितियाँ**

(i) संयोजित होने वाले परमाणु छोटे होना चाहिए व इनकी संयोजी कक्षा में अक्रिय गैसों की तुलना में 1, 2 या 3 इलेक्ट्रॉन होंने चाहिए।

(ii) दोनों परमाणुओं की ऋणविद्युतता में अन्तर शून्य या बहुत कम होना चाहिए।

(iii) परमाणुओं के पास आने पर उनकी ऊर्जा में न्यूनतम कमी आनी चाहिए।

(2) **सहसंयोजी यौगिकों के गुण**

(i) यह पदार्थ सामान्य ताप व दाब पर गैस या द्रव की अवस्था में पाये जाते हैं। कुछ सहसंयोजी यौगिक मृदु ठोस होते हैं।

(ii) अत्यंत कमजोर अन्तरआण्विक आकर्षण के कारण इनका गलनांक व क्वथनांक तुलनात्मक रूप से कम होता है हीरा, कार्बोरन्डम ($SiC$), सिलिका ($SiO_2$), $AlN$ (एल्यूमीनियम नाइट्राइड) इसके अपवाद हैं क्योंकि इनकी विशाल त्रिविमीय जालिकाबद्ध संरचना है अतः इनके उच्च गलनांक होते हैं।

(iii) सहसंयोजी पदार्थ विद्युत के दुर्बल चालक होते हैं, किन्तु ध्रुवीय सहसंयोजी यौगिक विद्युत के चालक होते हैं जैसे $HCl$ यह विलयन में विद्युत प्रवाह कर सकता है। ग्रेफाइट ठोस अवस्था में विद्युत का चालन कर सकता है, क्योंकि ठोस अवस्था में इसके इलेक्ट्रॉन एक परत से दूसरी परत में जा सकते हैं।

(iv) ये पदार्थ ध्रुवीय विलायकों में अघुलनशील होते हैं जैसे जल में, किन्तु अध्रुवीय विलायकों जैसे बेन्जीन आदि में घुलनशील होते हैं, जबकि कुछ सहसंयोजी यौगिक हाइड्रोजन बन्धन के कारण जल में घुलनशील होते हैं जैसे एल्कोहल, एमीन आदि।

(v) सहसंयोजी बन्ध दृढ़ तथा सदिश होते हैं, इसीलिए सहसंयोजक यौगिक संरचनात्मक व ज्यामितीय समावयवता प्रदर्शित कर सकते हैं।

(vi) सहसंयोजी पदार्थ आण्विक क्रियाऐं प्रकट करते हैं, इनमें क्रिया की दर बहुत कम होती हैं।

(vii) किसी तत्व के एक परमाणु द्वारा दूसरे परमाणु के साथ जितने इलेक्ट्रॉनों की साझेंदारी की जाती है वह उसकी सहसंयोजकता कहलाती है। किसी तत्व की परिवर्तनशील संयोजकता उसके संयोजी कोश के *s, p* और *d*-कक्षक में उपस्थित अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या के बराबर होती है।

सहसंयोजकता = 8 – [तत्व से सम्बन्धित वर्ग का क्रमांक]

कुछ तत्व जैसे *P, S, Cl, Br, I* में, इनकी संयोजी कक्षा में *d*-कक्षक खाली होता है अतः ये परिवर्तनशील संयोजकता प्रदर्शित करते हैं क्योंकि इनकी उत्तेजित अवस्था में अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या बढ़ जाती है। इनके इलेक्ट्रॉन उत्तेजित अवस्था में इन्हीं के *d*-कक्षकों में चले जाते हैं।

चार तत्वों *H, N, O* और *F* में इनकी संयोजी कक्षा में *d* कक्षक नहीं पाया जाता अतः इनमें उत्तेजित अवस्था नहीं होती व ये परिवर्तनशील संयोजकता भी प्रदर्शित नहीं करते हैं इसी कारण $NCl_3$ तो पाया जाता है, किन्तु $NCl_5$ नहीं पाया जाता।

(3) **लुईस सिद्धान्त : परमाणुओं में अपने बाहरी संयोजकता कोश में आठ इलेक्ट्रॉन रखने की प्रवृत्ति पायी जाती है इसे लुईस का अष्टक नियम कहा जाता है।**

प्रतिनिधि तत्वों के लुईस प्रतीक नीचे सारिणी में दिये गये हैं :

| | 1 | 2 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| समूह | IA | IIA | IIIA | IVA | VA | VIA | VIIA |

लुईस प्रतीक



(4) **अष्टक नियम की असफलता** : ऐसे बहुत से स्थायी अणु ज्ञात हैं जिनमें अष्टक नियम का उल्लघंन हुआ है इन अणुओं के संयोजकता कोश में इलेक्ट्रॉनों की संख्या या तो आठ से कम है या आठ से अधिक है।

$BeF_2, BF_3, AlH_3$ इलेक्ट्रॉन न्यून हैं (अष्टक अपूर्ण) इसलिये लुईस अम्ल हैं।

$PCl_5, P$ के संयोजी कोश में 10 इलेक्ट्रॉन होते हैं जबकि $SF_6, S$ के संयोजी कोश में 12 इलेक्ट्रॉन होते हैं। सजन ने एकल बन्ध प्रस्तावित किया जिसमें एक इलेक्ट्रॉन (इलेक्ट्रॉन युग्म के एक जोड़े के स्थान पर) इलेक्ट्रॉन न्यून परमाणु को दान दिया जाता है जिससे अष्टक नियम का उल्लंघन नहीं होता। इस एकल बन्ध को $(\rightarrow)$ की तरह प्रदर्शित करते हैं। इस तरह $PCl_5$ एवं $SF_6$ की संरचना इस तरह है,




(5) **बहुपरमाण्विक आयन या अणुओं के लिए संरचनाओं का निर्माण** : स्पीशीज जिनमें अष्टक नियम का उल्लघंन हुआ है, की संरचनाओं के निर्माण के लिए निम्न तरीकों का उपयोग करते हैं :

(i) सभी परमाणुओं पर उपस्थित कुल संयोजी इलेक्ट्रॉन की संख्या निर्धारित करते हैं तथा स्पीशीज पर कुल आवेश भी ज्ञात करते हैं $(n_1)$.

(ii) $n_2$ = [2 × ($H$ परमाणुओं की संख्या) + 8 × (दूसरे परमाणुओं की संख्या)] ज्ञात करते हैं

(iii) कुल बन्धित इलेक्ट्रॉनों की संख्या ज्ञात करते हैं $n_3$ जो कि $n_2 - n_1$ के बराबर होती है अतः बन्धों की संख्या $= n_3/2$

(iv) अबन्धित (Non-bonding) इलेक्ट्रॉनों की संख्या निर्धारित करते हैं $n_4$ जो कि $n_1 - n_3$ के बराबर होती है अतः इलेक्ट्रॉन युग्मों की संख्या $= n_4/2$

(v) केन्द्रीय परमाणु को ज्ञात कर लेते हैं तथा यह भी ज्ञात करते हैं कि अन्य परमाणुओं का वितरण कैसा है तथा ज्ञात करते हैं बन्धों की संख्या $= n_3/2$ इलेक्ट्रॉन युग्म की संख्या जिसके कारण अष्टक पूर्ण होता है $= n_4/2$

(vi) प्रत्येक परमाणु पर प्रारम्भिक आवेश ज्ञात करते हैं।

(vii) प्रारम्भिक आवेश = [(परमाणु में उपस्थित संयोजी इलेक्ट्रॉन) – (बन्धों की संख्या) – (साझेदारी रहित इलेक्ट्रॉन की संख्या)]

(viii) अन्य जैसे अनुनाद आदि भी देखते हैं।

**संरचना ज्ञात करने हेतु कुछ उदाहरण निम्न प्रकार से हैं**

(i) $CO_3^{2-}; n_1 = 4 + (6 \times 3) + 2 = 24$ [कुल आवेश के लिए 2 जोड़ेगें]

$n_2 = (2 \times 0) + (8 \times 4) = 32$ ($H$ परमाणुओं की संख्या = 0, अन्य परमाणु=4 (1'$C$ और 3 '$O$')

$n_3 = 32 - 24 = 8$, जबकि 8/2 = 4 बन्ध

$n_4 = 24 - 8 = 16$, जबकि 8 इलेक्ट्रॉन युग्म

इस रचना में $C$ केन्द्रीय परमाणु है तथा यह 3 '$O$ परमाणुओं से घिरा है अतः

$$\overset{\displaystyle O}{\overset{|}{O - C - O}}$$ , किन्तु कुल बन्ध = 4

अतः $\overset{\displaystyle O}{\overset{|}{O - C = O}}$ अब अष्टक पूर्ण करने हेतु इलेक्ट्रॉन युग्मों को व्यवस्थित करते हैं $:\ddot{O}^- - \overset{:\ddot{O}:^-}{\overset{|}{C}} = \ddot{O}:$ तथा इस पर प्रारम्भिक आवेश लगा देने पर $:\ddot{O} - \overset{.\ddot{O}:}{\overset{|}{C}} = \ddot{O}:$ रचना प्राप्त होती है ।

(ii) $CO_2$; $n_1 = 4 + (6 \times 2) = 16$

$n_2 = (2 \times 0) + (8 \times 3) = 24$

$n_3 = 24 - 16 = 8$, अतः 4 बन्ध

$n_4 = 16 - 8 = 8$, अतः 4 एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म

इसीलिए $C$ की रचना $O - C - O$, किन्तु बन्ध = 4

अतः $O = C = O$. इलेक्ट्रॉन युग्म को लगाकर अष्टक पूर्ण करते हैं अतः $:\ddot{O} = C = \ddot{O}:$ इसकी वास्तविक संरचना है।

## उपसहसंयोजक बन्ध या ड़ेटिव बन्ध
**(Co-ordinate covalent or Dative bond)**

यह एक विशेष प्रकार का सहसंयोजक बन्ध है। यहाँ बन्ध बनाने वाले दोनों इलेक्ट्रॉन केवल एक ही परमाणु द्वारा दिये जाते हैं। इस प्रकार उपसहसंयोजक बन्ध में इलेक्ट्रॉनों के एक एकाकी युग्म की एकतरफा साझेदारी होती है। परमाणु जो इलेक्ट्रॉन युग्म देता है **दाता** कहलाता है तथा परमाणु जो इलेक्ट्रॉन युग्म ग्रहण करता है **ग्राही** कहलाता है। इस बन्ध को एक तीर $(\rightarrow)$ के निशान द्वारा प्रदर्शित किया जाता है जो कि दाता से ग्राही की और निर्देशित रहता है।

$BF_3$ अणु में $B$ में दो इलेक्ट्रॉनों की कमी है अतः यह अपना अष्टक पूर्ण करने के लिए इलेक्ट्रॉन युग्म दाता जैसे $N\ (NH_3)$ से उपसहसंयोजक बन्ध बनाता है।




$NH_3$ और $BF_3$ के बीच उपसहसंयोजी बन्ध का बनना

***उदाहरण*** : $CO$, $N_2O$, $H_2O_2$, $N_2O_3$, $N_2O_4$, $N_2O_5$, $HNO_3$, $NO_3^-$, $SO_2$, $SO_3$, $H_2SO_4$, $SO_4^{2-}, SO_2^{2-}$, $H_3PO_4$, $H_4P_2O_7$, $H_3PO_3, Al_2Cl_6$ (निर्जलीय ), $O_3, SO_2Cl_2, SOCl_2, HIO_3, HClO_4$, $HClO_3, CH_3NC, N_2H_5^+$, $CH_3NO_2, NH_4^+, [Cu(NH_3)_4]^{2+}$ आदि।

**उपसहसंयोजी यौगिकों के गुण**

(1) इनके गलनांक व क्वथनांक शुद्ध सहसंयोजी यौगिकों से अधिक तथा शुद्ध आयनिक यौगिकों से कम होते हैं।

(2) यह जल अर्थात ध्रुवीय विलायकों में अत्यंत कम घुलनशील व कार्बनिक विलायकों में शीघ्रता से घुलने वाले होते हैं।

(3) यह विद्युत के अच्छे चालक नहीं हैं इनमें विलेय अवस्था तथा गलित अवस्था में भी विद्युत का चालन नहीं हो पाता है।

(4) ये बन्ध दृढ़ तथा दिशात्मक होते हैं अतः उपसहसंयोजी यौगिक समावयवता प्रदर्शित करते हैं।

## द्विध्रुव आघूर्ण (Dipole Moment)

कुल धन या ऋणावेश *(q)* तथा दो आवेशित सिरों के मध्य की दूरी *(d)* अर्थात् बन्ध लम्बाई के गुणनफल को द्विध्रुव आघूर्ण कहते हैं।

यह $\mu$ के द्वारा प्रदर्शित किया जाता है।

$\mu$ = विद्युतस्थैतिक आवेश × बन्ध लम्बाई

$q = 10^{-10}$ *esu* की कोटि, $d = 10^{-8}$ *cm*, की कोटि और, $\mu = 10^{-18}$ *esu cm* की कोटि का होता है।

द्विध्रुव आघूर्ण को डिबाई (*D*) इकाई द्वारा मापा जाता है। अतः $1D = 10^{-18}$ *esu cm* = $3.33 \times 10^{-30}$ कूलॉम्ब मीटर (S.I. इकाई में).

द्विध्रुव आघूर्ण को चिन्ह (⟼) के द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। जिसका शीर्ष ऋणात्मक सिरे को प्रदर्शित करता है। द्विध्रुव आघूर्ण एक सदिश राशि है।

**सममित बहुपरमाण्विक अणु ध्रुवीय नहीं होते, इसलिए इनके द्विध्रुव आघूर्ण का कोई मान नहीं होता है।**




$\mu = 0$ सममितता के कारण

**असममित बहुपरमाण्विक अणु** : द्विध्रुव आघूर्ण का हमेशा कुछ न कुछ मान होता है। अणु जो कि प्रकृति में ध्रुवीय हैं जैसे $H_2O$, $CH_3Cl$, $NH_3$ आदि में द्विध्रुव आघूर्ण का एक निश्चित धनात्मक मान होता है।




जल $\mu = 1.84D$

अमोनिया $\mu = 1.46D$

मेथिल क्लोराइड $\mu = 1.86D$

$\mu \neq 0$ असममितता के कारण

(1) द्विध्रुव आघूर्ण किसी अणु की ज्यामिती निर्धारित करता है परमाणुओं से मिलकर बना है। कोई भी अणु जो कि दो या दो से अधिक ध्रुवीय बन्ध रखता है सममित नहीं होगा।

**सारणी : 3.1 अणु ज्यामिती एवं द्विध्रुव आघूर्ण**

| सामान्य सूत्र | आण्विक ज्यामिती | द्विध्रुव आघूर्ण | उदाहरण |
|---|---|---|---|
| $AX$ | रेखीय | शून्य रहित हो संकता है। | $HF$, $HCl$ |
| $AX_2$ | रेखीय<br>(मुड़ा या V-आकार) | शून्य<br>शून्य रहित | $CO_2, CS_2$<br>$H_2O, NO_2$ |
| $AX_3$ | त्रिकोणीय समतलीय<br>पिरामिडल<br>T-आकार का | शून्य<br>शून्य रहित<br>शून्य रहित | $BF_3$<br>$NH_3, PCl_3$<br>$ClF_3$ |
| $AX_4$ | चतुष्फलकीय<br>(वर्ग समतलीय) झूले जैसा | शून्य<br>शून्य<br>शून्य रहित | $CH_4, CCl_4$<br>$XeF_4$<br>$SF_4, TeCl_4$ |
| $AX_5$ | त्रिकोणी द्विपिरामिडल<br>(वर्ग पिरामिडल) | शून्य<br>शून्य रहित | $PCl_5$<br>$BrCl_5$ |
| $AX_6$ | अष्टफलकीय<br>(विकृत अष्टफलकीय) | शून्य<br>शून्य रहित | $SF_6$<br>$XeF_6$ |
| $AX_7$ | पंचकोणीय द्विपिरामिडल | शून्य | $IF_7$ |

(2) प्रत्येक आयनिक यौगिक, फजान नियमानुसार कुछ सहसंयोजी लक्षण रखता है।

अतः सहसंयोजी लक्षण की उपस्थिति में आयनिक गुण की प्रतिशतता निम्न समीकरण के द्वारा ज्ञात की जाती है।

$$\text{आयनिक लक्षण की प्रतिशतता} = \frac{\text{प्रेक्षित } \mu}{\text{सैद्धान्तिक } \mu} \times 100$$

(3) सिस समावयवी की तुलना में ट्रान्स समावयवी शून्य या बहुत कम द्विध्रुव रखते हैं।

$$\begin{matrix} H-C-Cl \\ \| \\ H-C-Cl \end{matrix} \qquad\qquad \begin{matrix} H-C-Cl \\ \| \\ Cl-C-H \end{matrix}$$

## फजान का नियम (Fajan's Rule)

**फजान का नियम :** आयनिक यौगिकों या आयनिक बन्धों में ध्रुवीयता का बढ़ना या सहसंयोजक गुण का बढ़ना कई कारकों पर निर्भर करता है, इन कारकों का वर्णन फजान ने किया था अतः सम्बन्धित नियम फजान का नियम कहलाता है। ये कारक है।

(1) **धनायन का छोटा आकार** : धनायन का आकार घटने पर इसकी ध्रुवीकरण क्षमता बढ़ जाती है तथा सहसंयोजक गुण उतना ही अधिक हो जाता है।

(2) **ऋणायन का बड़ा आकार** : ऋणायन का आकार बढ़ने पर ध्रुवीकरण क्षमता बढ़ जाती है तथा सहसंयोजक गुण भी उतना ही अधिक हो जाता है।

(3) **दोनों आयनों में से किसी एक पर अत्यधिक आवेश** : जैसे–जैसे आयन पर आवेश बढ़ता है ऋणायन के बाह्य इलेक्ट्रॉनों के लिए धनायन का विद्युतस्थैतिक आकर्षण भी बढ़ता जाता है। जिसके फलस्वरूप सहसंयोजक बन्ध बनाने की इनकी क्षमता भी बढ़ती है।

(4) **धनायन का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास** : समान आकार तथा आवेश के दो आयनों के लिए, जिसमें एक मिथ्या (Psuedo) उत्कृष्ट गैस विन्यास (अर्थात् बाह्यतम कोश में 18 इलेक्ट्रॉन) वाला आयन, उत्कृष्ट गैस विन्यास (अर्थात् बाह्यतम कोश में 8 इलेक्ट्रॉन) वाले धनायन से अधिक ध्रुवीय होगा।

## संयोजकता बन्ध सिद्धान्त (Valence bond theory)

*यह परिकल्पना हिटलर (Heitler) और लन्दन (London) ने 1927 में दी थी, और पाउलिंग तथा स्लिटर द्वारा 1931 में संशोधित किया गया।*

(1) जब दो परमाणु एक दूसरे के निकट आते हैं, तो उनके कक्षक एक दूसरे पर अतिव्यापित होते हैं और सहसंयोजक बन्ध का निर्माण करते हैं।

(2) कक्षक जिनमें विपरीत चक्रण वाले अयुग्मित इलेक्ट्रॉन उपस्थित होते हैं एक दूसरे को अतिव्यापित करते हैं।

(3) अतिव्यापन के बाद नया व्यवस्थित बन्धीय कक्षक बनता है जिसमें इलेक्ट्रॉन के पाये जाने की सम्भावना अधिकतम होती है।

(4) एकत्रित इलेक्ट्रॉनों व नाभिक के मध्य विद्युतस्थैतिक आकर्षण के कारण व विपरीत चक्रण वाले इलेक्ट्रॉनों के द्वारा सहसंयोजक बन्ध का निर्माण होता है।

(5) अतिव्यापन का परिमाण अधिक होने पर, बन्ध लम्बाई कम होगी तथा आकर्षण जितना अधिक होगा बन्ध ऊर्जा व बन्ध का स्थायित्व भी उतना ही अधिक होगा।

(6) **अतिव्यापन का परिमाण :** अतिव्यापन में भाग लेने वाले कक्षक व अतिव्यापन की प्रकृति पर निर्भर करता है।

(7) यदि संयोजी कोश नाभिक के अधिक पास होगें तो उनकी बन्ध ऊर्जा व अतिव्यापन भी अधिक होगा।

(8) दो उपकोशों के समान ऊर्जा स्तर के मध्य यदि उपकोश अधिक दिशात्मक है तो उनके मध्य अतिव्यापन अधिक होगा। बन्ध ऊर्जा : $2s-2s < 2s-2p < 2p-2p$

(9) $s$-कक्षक सममित गोलाकार होते हैं, इसलिए यह केवल शीर्षस्थ अतिव्यापन (head on overlapping) दर्शाते हैं जबकि $p$-कक्षक दिशात्मक होने के कारण शीर्षस्थ व पार्श्वीय दोनों में से किसी भी प्रकार का अतिव्यापन प्रदर्शित कर सकते हैं । विभिन्न प्रकार के अतिव्यापन सिग्मा ($\sigma$) एवं पाई ($\pi$) बन्ध देते हैं।

| सिग्मा (σ) बन्ध | पाई (π) बन्ध |
|---|---|
| यह 2s-कक्षकों के या 2p-कक्षकों के या 1s और 1p-कक्षक के मध्य सिरस्थ अतिव्यापन द्वारा बनता है। | यह दो 2p-कक्षकों के पार्श्वीय अतिव्यापन के फलस्वरूप बनता है। |
| यह तुलनात्मक रूप से अधिक प्रबल होते हैं। | यह तुलनात्मक रूप ये कम प्रबल होते हैं। |
| इनकी बन्ध ऊर्जा 80 *kcals* होती है। | इनकी बन्ध ऊर्जा 65 *kcals* होती है। |
| यह अधिक स्थायी है। | यह कम स्थायी हैं। |
| यह स्वतन्त्र अस्तित्व में रहते हैं। | $\sigma$-बन्ध के बिना इनका कोई अस्तित्व नहीं है। |
| यह कम क्रियाशील बन्ध है। | यह अधिक क्रियाशील बन्ध है। |
| अन्तनाभिकीय अक्ष के सापेक्ष इलेक्ट्रॉन अभ्र सममित होता है। | इलेक्ट्रॉन अभ्र परमाण्विय नाभिक के ऊपर व नीचे स्थित होता है। |

## संकरण (Hybridisation)

संकरण की संकल्पना **पाऊलिंग** (Pauling) और **स्लेटर** (Slater) ने दी। इनके अनुसार समान परमाणुओं के लगभग समान ऊर्जाओं के असमान कक्षक आपस में मिलकर, समान संख्या में समान ऊर्जा के समान आकार के नये कक्षक बनाते हैं, इस प्रकार नये बने कक्षक को संकरित कक्षक कहते हैं।

### संकरण के गुण

(1) समान ऊर्जाओं के कक्षक तथा समान परमाणु या आयन से सम्बन्धित कक्षकों में ही संकरण पाया जाता है।

(2) संकरण केवल कक्षकों के मध्य होता है न कि इलेक्ट्रॉनों के मध्य।

(3) संकरण की घटना में समान ऊर्जा के कक्षक ही मिलकर उतने ही संकरित कक्षक संख्या में बनाते हैं जैसे एक $s$ और तीन $p$ ($p_x, p_y$, और $p_z$) मिलकर चार नये संकरित कक्षक बनाते हैं।

(4) किसी अणु में संकरण के दौरान केन्द्रीय परमाणु की ऑक्सीकरण अवस्था, उसकी उत्तेजित अवस्था में अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या के बराबर होती है।

(5) अर्द्धपूर्ण और पूर्ण दोनों समान ऊर्जा कक्षक संकरण में भाग लेते हैं ।

(6) संकरित कक्षक केवल $\sigma$-बन्ध का निर्माण करते हैं।

(7) वे कक्षक जो $\pi$-बन्ध बनाते हैं संकरण में भाग नहीं लेते।

(8) संकरण कभी भी पृथक परमाणुओं के मध्य नहीं होता है। यह हमेशा बन्ध निर्माण के समय ही होता है।

(9) संकरित कक्षक त्रिविम में यथा उचित स्थान पर होते हैं जिसके कारण अणु की निश्चित ज्यामितीय होती है।

(10) संकरित कक्षक अतिव्यापन के लिए अधिक सक्षम होते हैं, शुद्ध $s, p$ व $d$-कक्षकों की तुलना में।

(11) संकरित कक्षक अपनी ऊर्जा न्यून रखते हैं।

**संकरण के प्रकार को कैसे निर्धारित करते हैं :** किसी अणु में संकरण निम्न सूत्र के द्वारा ज्ञात किया जा सकता है तथा उसकी आकृति को भी इसके द्वारा ज्ञात किया जा सकता है,

$$H = \frac{1}{2}(V + M - C + A)$$

जहाँ $H$ = संकरण में भाग लेने वाले कक्षकों की संख्या जैसे 2, 3, 4, 5, 6 और 7 इसके आधार पर संकरण की प्रकृति, $sp, sp^2, sp^3, sp^3d, sp^3d^2, sp^3d^3$ आदि ज्ञात की जा सकती हैं।

$V$ = केन्द्रीय परमाणु की बाहरी कक्षा में इलेक्ट्रॉनों की संख्या,

$M$ = एकल संयोजी परमाणुओं की संख्या

$C$ = धनायन पर आवेश,

$A$ = ऋणायन पर आवेश

## अनुनाद (Resonance)

**हाइजेनबर्ग** (Heigenberg) (1920) नामक वैज्ञानिक ने अनुनाद की घटना व इसकी क्रियाविधि को कुछ अणुओं में समझाया। कुछ अणुओं में केवल लुईस संरचना अणुओं के सभी गुणों को समझाने हेतु पर्याप्त नहीं है, क्योंकि इन अणुओं को केवल एक संरचनात्मक सूत्र के द्वारा नहीं समाझाया जा सकता, बल्कि इन्हें एक से अधिक संरचनात्मक सूत्रों द्वारा प्रदर्शित किया जाता है और इनकी प्रत्येक संरचना अणु के सभी गुणों को समझाने में असमर्थ होती है अतः सभी संरचनाओं के मध्यस्थ को वास्तविक संरचना माना जाता है इस संरचना को अनुनाद संरचना व इसकी अन्य संरचनाओं को अनुनादी संरचनायें या केनोनिकल संरचनायें कहा जाता है तथा इसकी अणु में पाये जाने की घटना अनुनाद कहलाती है।

यदि हम ओजोन ($O_3$) के अणु पर विचार करें जो कि निम्न संरचनात्मक सूत्रों द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है



ओजोन के अनुनादी रूपों में (*a*) व (*b*) रूप समान हैं किन्तु अधिक संतोषजनक रूप (*c*) है जो कि अनुनादी संरचनाओं के एकल व द्विक बन्ध के बीच का बन्ध प्रदर्शित करता है।

बेन्जीन, टॉलूईन, $O_3$, ऐलीन ($>C = C = C<$), $CO$, $CO_2$, $CO_3^-$, $SO_3$, $NO$, $NO_2$ अनुनाद प्रदर्शित करते हैं तथा $H_2O$, $H_2O$, $NH_3$, $CH_4$, $SiO_2$ अनुनाद प्रदर्शित नहीं करते।

अनुनाद के कारण, अणु में बन्ध लम्बाई समान हो जाती है जैसे $O–O$ बन्ध लम्बाई ओजोन में और $C–O$ बन्ध लम्बाई $CO_3^{2-}$ आयन में।

अनुनादी संरचनाओं की तुलना में अनुनादी संकर संरचना की ऊर्जा निम्न व यह अन्य संरचनाओं की तुलना में अधिक स्थायी होता है।

किसी अणु की अनुनादी ऊर्जा जितनी अधिक होगी उस अणु का स्थायित्व भी उतना ही अधिक होगा।

लगभग समान ऊर्जा के, जिस अणु के अधिक संख्या में केनोनिकल रूप होगें वह अणु उतना ही अधिक स्थायी होगा।

अनुनादी संरचनाऐं परमाणुओं की स्थिति, युग्मित व अयुग्मित इलेक्ट्रॉन की संख्या में समान होती हैं किन्तु उनमें इलेक्ट्रॉन की व्यवस्था में अन्तर होता हैं।

यह किसी अणु की वास्तविक बन्ध ऊर्जा और सबसे अधिक स्थायी अनुनादी संरचना (जिसकी ऊर्जा न्यूनतम है) का अन्तर होता है।

अतः अनुनादी ऊर्जा = वास्तविक बन्ध ऊर्जा – सबसे अधिक स्थायी अनुनादी संरचना की ऊर्जा

अणु अथवा आयन जिनमें अनुनाद पाया जाता है, की आबन्ध कोटि बदल जाती है इसे निम्न सूत्र के द्वारा ज्ञात किया जाता है

$$\text{बन्ध क्रम या आबन्ध कोटि} = \frac{\text{सभी संरचनाओं में दो परमाणुओं के मध्य कुल बन्धों की संख्या}}{\text{कुल अनुनादी संरचनाऐं}}$$

बेन्जीन में 

$$\text{बन्ध क्रम या आबन्ध कोटि} = \frac{\text{द्वि बन्ध} + \text{एकल बन्ध}}{2} = \frac{2+1}{2} = 1.5$$

कार्बोनेट आयन में



$$\text{बन्ध क्रम} = \frac{2+1+1}{3} = 1.33$$

## बन्ध के गुण (Bond characteristics)

(1) **बन्ध लम्बाई** (Bond length)

दो बन्धीय परमाणुओं के केन्द्रकों के मध्य की दूरी बन्ध लम्बाई कहलाती है। इसे Å या *pm* (पिकोमीटर) के द्वारा प्रदर्शित किया जाता है।

(1 Å = $10^{-10}$ *m*) or

(1pm = $10^{-12}$ *m*).

आयनिक यौगिकों में बन्ध लम्बाई का मान दोनों परमाणुओं के आयनिक त्रिज्याओं के योग के बराबर होता है ($d = r_+ + r_-$) तथा सहसंयोजी यौगिकों में बन्ध लम्बाई उनकी सहसंयोजी त्रिज्याओं के योग के बराबर होती है ($HCl$ के लिए, $d = r_H + r_{Cl}$)

**बन्ध लम्बाई को प्रभावित करने वाले कारक**

(i) परमाणुओं का आकार बढ़ने पर इनकी बन्ध लम्बाई का मान भी बढ़ जाता है $H-X$ में बन्ध लम्बाई का क्रम होगा, $HI > HBr > HCl > HF$ .

(ii) बहुबन्धुता बढ़ने पर बन्ध लम्बाई घटती जाती है। कार्बन–कार्बन के मध्य बहुबन्धुता के आधार पर बन्ध लम्बाई, बहुबन्धुता के बढ़ने पर घटती है, $C \equiv C < C = C < C - C$ .

(iii) *s*-कक्षक आकार में छोटा होता है। अतः संकरण में *s* लक्षण के बढ़ने पर संकरित कक्षक आकार में छोटा होगा तथा बन्ध लम्बाई भी उतनी ही कम हो जायेगी। उदाहरण के लिए,

$$sp^3\ C-H > sp^2\ C-H > sp\ C-H$$

(iv) अध्रुवीय अणु में परमाणुओं के मध्य बन्ध लम्बाई, ध्रुवीय अणु में बन्ध लम्बाई की तुलना में अधिक होती है।

(2) **बन्ध ऊर्जा** (Bond energy)

किसी अणु के परमाणुओं के मध्य किसी विशेष बन्ध (1मोल) को तोड़कर उन्हें गैसीय अवस्था के परमाणुओं में, परिवर्तित करने के लिए जितनी ऊर्जा की आवश्यकता होती है वह बन्ध की विघटन ऊर्जा या बन्ध ऊर्जा कहलाती है। बन्ध ऊर्जा को $kJ\,mol^{-1}$ के द्वारा प्रदर्शित किया जाता है। अतः बन्ध की विघटन ऊर्जा जितनी अधिक होगी बन्ध उतना ही अधिक मजबूत होगा।

**बन्ध ऊर्जा को प्रभावित करने वाले कारक**

(i) परमाणु का आकार बढ़ने पर, बन्ध लम्बाई भी बढ़ जाती है तथा बन्ध की विघटन ऊर्जा उतनी ही कम हो जाती है तथा बन्ध की शक्ति उतनी ही कम हो जाती है।

(ii) यदि समान परमाणुओं के मध्य बन्धों की संख्या बढ़ती है तो बन्ध की संख्या बढ़ने के साथ–साथ बन्ध की विघटन ऊर्जा भी बढ़ जाती है क्योंकि परमाणु पास–पास आ जाते हैं।

(iii) बन्धीय परमाणुओं पर एकांकी इलेक्ट्रॉन युग्म की संख्या बढ़ने पर, परमाणुओं के मध्य प्रतिकर्षण उतना ही अधिक बढ़ जाता है तथा उनकी बन्ध विघटन ऊर्जा उतनी ही कम हो जाती है।

(iv) यदि किसी संकरित कक्षक की *s* प्रकृति जितनी अधिक होगी तब उसकी बन्ध ऊर्जा भी उतनी ही अधिक हो जायेगी। अतः बन्ध ऊर्जा का घटता क्रम होगा, $sp > sp^2 > sp^3$

(v) ऋण विद्युतता में अन्तर बढ़ने पर, बन्ध ध्रुवीयता भी बढ़ जाती है और बन्ध ध्रुवीयता बढ़ने पर बन्ध की शक्ति भी उतनी ही बढ़ जाती है तथा उसकी बन्ध ऊर्जा का मान भी बढ़ जाता है। जैसे निम्न में बन्ध ऊर्जा का क्रम, $H-F > H-Cl > H-Br > H-I$,

(vi) हैलोजनों में $Cl-Cl > F-F > Br-Br > I-I$, (बन्ध ऊर्जा क्रम) अनुनाद बन्ध ऊर्जा बढ़ाता है।

(3) **बन्ध कोण** (Bond angle)

यदि अणु तीन या तीन से अधिक परमाणुओं से मिलकर बना होता है तो बन्धीय कक्षकों के मध्य औसत कोण (दो सहसंयोजक बन्धों के मध्य) बन्ध कोण $(\theta)$ कहलाता है।

**बन्ध कोण को प्रभावित करने वाले कारक**

(i) *केन्द्रीय धातु या परमाणु से जुड़े आयन या समूह के मध्य प्रतिकर्षण बन्ध कोण को बढ़ा अथवा घटा सकता है।*

(ii) संकरण में *s* संकरित बन्ध का *s* लक्षण बढ़ने पर बन्ध कोण भी बढ़ जाता है।

| संकरण का प्रकार | *sp* | *sp* | *sp* |
|---|---|---|---|
| **बन्ध कोण** | 109°28′ | 120° | 180° |

(iii) यदि इलेक्ट्रॉन युग्मों की संख्या बढ़ती है तो बन्ध कोण लगभग 2.5 घटता जाता है।

| यौगिक | $CH_4$ | $NH_3$ | $H_2O$ |
|---|---|---|---|
| **बन्ध कोण** | 109° | 107° | 105° |

(iv) यदि केन्द्रीय परमाणु की ऋण विद्युतता का मान घटता है तो बन्ध कोण का मान भी घट जाता है।

| | $H_2O$ | $> H_2S$ | $> H_2Se$ | $> H_2Te$ |
|---|---|---|---|---|
| बन्ध कोण | $104.5^o$ | $92.2^o$ | $91.2^o$ | $89.5^o$ |

यदि अणुओं के केन्द्रीय परमाणु समान हों तो बन्ध कोण का मान, केन्द्रीय परमाणु के चारों ओर घिरे परमाणुओं की ऋण विद्युतता के घटने के साथ–साथ बढ़ता जाता है।

| | $PCl_3$ | $PBr_3$ | $PI_3$ , | $AsCl_3$ | $AsBr_3$ | $AsI_3$ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| बन्ध कोण | $100^o$ | $101.5^o$ | $102^o$ | $98.4^o$ | $100.5^o$ | $101^o$ |

## VSEPR (संयोजी कोश इलेक्ट्रॉन युग्म प्रतिकर्षण) सिद्धान्त
**(Valence shell electron pair repulsion theory (VSEPR ))**

यह सिद्धान्त **सिजविक** (Sidgwick) व **पॉवेल** (Powell) (1940) नामक वैज्ञानिक ने अणु की आकृति व ज्यामिती को स्पष्ट करने के लिए दिया था। इस सिद्धान्त के अनुसार केन्द्रीय परमाणु के चारों ओर बन्धों की व्यवस्था इलेक्ट्रॉन युग्मों के बीच प्रतिकर्षण (बन्धीय व अनआबन्धीय) पर निर्भर करती है। **गिलिस्पि** (Gillespie) और **नायहॉम** (Nyholm) ने इस सिद्धान्त को विकसित किया व इसे VSEPR कहा।

**VSEPR सिद्धान्त की मुख्य अवधारणाऐं**

(1) बहुपरमाण्विक अणु जिनमें 3 या अधिक परमाणु जिस माध्यमिक परमाणु से जुड़े होते हैं उसे केन्द्रीय परमाणु कहते हैं।

(2) किसी अणु की ज्यामिति वास्तव में एक केन्द्रीय परमाणु के चारों ओर उपस्थित संयोजी कक्षा के इलेक्ट्रॉन युग्म (बन्धीय या अनआबन्धीय) की संख्या पर निर्भर करती है इनके प्रतिकर्षण के कारण ही अणु की वास्तविक आकार व आकृति का निर्धारण होता है।

(3) यदि केन्द्रीय परमाणु, एक समान परमाणुओं से जुड़ा है तो उनके मध्य प्रतिकर्षण भी लगभग एक सा ही होगा। जिसके कारण अणु की आकृति सममित होगी।

(4) यदि केन्द्रीय परमाणु अलग–अलग आकार के परमाणुओं से जुड़ा है या उनके इलेक्ट्रॉन युग्मों व उतने ही बन्ध युग्मों (इलेक्ट्रॉन के) से घिरा है तो ऐसे अणु की ज्यामितीय विकृत हो जायेगी।

(5) इलेक्ट्रॉन युग्म के प्रतिकर्षण का निम्न क्रम होता है,

$$lp-lp > lp-bp > bp-bp$$

बन्ध युग्म दो बन्धीय परमाणुओं को खींचता है किन्तु केन्द्रीय परमाणु के चारों ओर की व्यवस्था पर इलेक्ट्रॉन युग्म अधिक प्रभाव डालता है। अतः प्रतिकर्षण तभी अधिक होगा जब इलेक्ट्रॉन युग्म उपस्थित होगा।

**सारणी : 3.2 अणुओं / आयनों की ज्यामिती जिनके पास बन्ध युग्म तथा एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म है**

| अणु का प्रकार | बन्ध युग्म की संख्या | इलेक्ट्रॉन युग्म की संख्या | संकरण | बन्ध कोण | प्रेक्षित ज्यामितीय | वास्तविक ज्यामितीय | उदाहरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| $AX_3$ | 2 | 1 | $sp^2$ | $< 120°$ | त्रिकोणीय सममित | V-आकृति, झुकी हुई | $SO_2$, $SnCl_2$, $NO_2^-$ |
| $AX_4$ | 2 | 2 | $sp^3$ | $< 109° 28'$ | चतुष्फलकीय | V-आकृति, कोणीय | $H_2O$, $H_2S$, $SCl_2$, $OF_2$, $NH_2^-$, $ClO_2^-$ |
| $AX_4$ | 3 | 1 | $sp^3$ | $< 109° 28'$ | चतुष्फलकीय | पिरामिड़ीय | $NH_3$, $NF_3$, $PCl_3$, $PH_3$, $AsH_3$, $ClO_3^-$, $H_3O$ |
| $AX_5$ | 4 | 1 | $sp^3d$ | $< 109° 28'$ | त्रिकोणीय द्विपिरामिडीय | अनियमित चतुष्फलकीय | $SF_4$, $SCl_4$, $TeCl_4$ |
| $AX_5$ | 3 | 2 | $sp^3d$ | $90°$ | त्रिकोणीय द्विपिरामिडीय | T-आकृति | $ICl_3$, $IF_3$, $ClF_3$ |
| $AX_5$ | 2 | 3 | $sp^3d$ | $180°$ | त्रिकोणीय द्विपिरामिडीय | रेखीय | $XeF_2$, $I_3^-$, $ICl_2^-$ |
| $AX_6$ | 5 | 1 | $sp^3d^2$ | $< 90°$ | अष्टफलकीय | वर्ग पिरामिडीय | $ICl_5$, $BrF_5$, $IF_5$ |
| $AX_6$ | 4 | 2 | $sp^3d^2$ | – | अष्टफलकीय | वर्गाकार समतलीय | $XeF_4$, $ICl_4^-$ |
| $AX_7$ | 6 | 1 | $sp^3d^3$ | – | पंचभुजीय द्विपिरामिडीय | विकृत अष्टफलकीय | $XeF_6$ |

## अणु–कक्षक सिद्धान्त
**(Molecular orbital theory or MOT)**

सहसंयोजक बन्ध निर्माण का अणु–कक्षक सिद्धान्त **हुण्ड** (Hund) व **मुलिकन** (Mulliken) ने 1932 में दिया था।

**इस सिद्धान्त की मुख्य धारणाऐं हैं**

(1) जब दो परमाण्विक कक्षक आपस में मिलते हैं या अतिव्यापित होते हैं व अपनी पहचान खोकर एक नये कक्षक का निर्माण करते हैं तो यह नया कक्षक ही आण्विक कक्षक कहलाता है।

(2) किसी अणु के आण्विक कक्षक की ऊर्जा अवस्थाओं में इलेक्ट्रॉन का भराव ठीक उसी प्रकार होता है जैसे परमाणु की ऊर्जा अवस्था में परमाणु कक्षक में इलेक्ट्रॉन भरते हैं।

(3) किसी आण्विक कक्षक में इलेक्ट्रॉन के पाये जाने की सम्भावना नाभिकों के समूह के चारों ओर होती है इसका वितरण ठीक उसी प्रकार होता है जैसे परमाण्विक कक्षक में एकल नाभिक के चारों ओर इलेक्ट्रॉन के पाये जाने की सम्भावना होती है।

(4) केवल वे परमाण्विक कक्षक आपस में मिलकर आण्विक कक्षक का निर्माण कर सकते हैं जिनकी ऊर्जा व दिशात्मक स्थिति (ऑरियेन्टेशन) समान हों। उदाहरण के लिए 1*s* कक्षक, 1*s* कक्षक के साथ ही मिल सकता है 2*s* कक्षक के साथ नहीं। इसी तरह *s*, $p_z$ के साथ अतिव्यापित हो सकता है किन्तु $p_x$ व $p_y$ के साथ नहीं। इसी प्रकार $p_z, p_z$ के साथ अतिव्यापित हो सकता है किन्तु $p_x$ व $p_y$ के साथ नहीं।

(5) जितने परमाण्विक कक्षक आपस में मिलते हैं उतने ही आण्विक कक्षक बनते हैं।

(6) जब दो परमाण्विक कक्षक आपस में मिलते हैं तब वह दो नये कक्षक का निर्माण करते हैं एक को आबन्धीय आण्विक कक्षक व दूसरे को प्रतिआबन्धीय आण्विक कक्षक कहते हैं।

(7) प्रतिआबन्धीय आण्विक कक्षक की तुलना में आबन्धीय आण्विक कक्षक की ऊर्जा कम व यह अधिक स्थायी होता है।

(8) आबन्धीय आण्विक कक्षक को $\sigma, \pi$ के द्वारा प्रदर्शित किया जा सकता है, किन्तु प्रति आबन्धीय आण्विक कक्षक को $\sigma^*, \pi^*$ के द्वारा प्रदर्शित किया जाता है।

(9) किसी आणविक कक्षक की आकृति, अतिव्यापित होने वाले परमाणु कक्षकों के अतिव्यापन के प्रकार पर निर्भर करती है।

(10) अणु में आण्विक कक्षक आफबाऊ सिद्धान्त, पाउली अपवर्जन सिद्धान्त एवं हुण्ड के नियम अनुसार भरते हैं। द्वितीय आवर्त के तत्वों एवं हाइड्रोजन द्वारा निर्मित आण्विक कक्षकों के बीच बढ़ती हुई ऊर्जा का सामान्य क्रम एवं उनका सामान्य इलेक्ट्रॉनिक विन्यास नीचे दिया गया है।

(11) इलेक्ट्रॉन आण्विक कक्षको की बढ़ती हुई ऊर्जा क्रम में भरते हैं जिनमें क्रम हैं

(a) $\sigma 1s, \sigma^* 1s, \sigma 2s, \sigma^* 2s, \sigma 2p_x, \pi 2p_y \quad \pi^* 2p_y, \sigma^* 2p_x$

$\pi 2p_z, \quad \pi^* 2p_z$

बढ़ती हुई ऊर्जा (> 14 इलेक्ट्रॉन के लिये) →

(b) $\sigma 1s, \sigma^* 1s, \sigma 2s, \sigma^* 2s, \quad \pi 2p_y, \sigma 2p_x, \quad \pi^* 2p_z$

बढ़ती हुई ऊर्जा (≤ 14 इलेक्ट्रॉन के लिये) →




**आण्विक कक्षक ऊर्जा स्तर आरेख**
**(Z > 7 तक के तत्वों के लिये)**

## हाइड्रोजन बन्धन (Hydrogen bonding)

सन् 1920 में **लेटीमर** (Latimer) और **रोडेबुश** (Rodebush) ने हाइड्रोजन बन्ध का विचार प्रस्तावित किया।

हाइड्रोजन बन्धन के निर्माण के लिये अणु में हाइड्रोजन परमाणु से बन्धन के लिये *F, O* अथवा *N* जैसा उच्च ऋणविद्युती परमाणु होना चाहिये एवं ऋणविद्युती परमाणु का आकार अत्यन्त छोटा होना चाहिये ।

(12) दो परमाणुओं के बीच बन्धों की संख्या को बन्ध कोटि कहते हैं और इसे निम्न के द्वारा दिया जाता है।

$$\text{बन्ध कोटि} = \left(\frac{N_B - N_A}{2}\right)$$

यहाँ $N_B$ = बन्धी *MO* में इलेक्ट्रॉनों की संख्या

$N_A$ = विपरीत बन्धी *MO* में इलेक्ट्रॉनों की संख्या

स्थायी अणु/आयन के लिये, $N_B > N_A$

(13) बन्ध क्रम $\propto$ अणुओं का स्थायित्व $\propto$ विघटन ऊर्जा

$$\propto \frac{1}{\text{बन्ध लम्बाई}}$$

(14) यदि किसी अणु में युग्मित इलेक्ट्रॉन होंगे तो वह अणु प्रतिचुम्बकीय होगा किन्तु यदि अणु में अयुग्मित इलेक्ट्रॉन होंगे तो वह अणु अनुचुम्बकीय होगा। पदार्थ में अयुग्मित इलेक्ट्रॉन की संख्या जितनी अधिक होगी पदार्थ उतना ही अधिक अनुचुम्बकीय होगा।




**आण्विक कक्षक ऊर्जा स्तर आरेख जो मिश्रित करने के पश्चात् *2s* एवं $2p_z$ परमाण्विक कक्षकों के अतिव्यापन से प्राप्त होता है**
**(*Z* < 7 तक के तत्वों के लिये)**

### हाइड्रोजन बन्धन का प्रकार

(1) **अन्तरआण्विक** (Interatomic) **हाइड्रोजन बन्ध :** अन्तरआण्विक हाइड्रोजन बन्ध दो या दो से अधिक अणुओं के मध्य होते हैं, जोकि समान या असमान पदार्थों के हो सकते हैं।

(i) हाइड्रोजन फ्लोराइड अणुओं के मध्य हाइड्रोजन बन्धन।

(ii) एल्कोहल एवं जल के अणुओं के मध्य हाइड्रोजन बन्धन।

(2) **अन्तराण्विक** (Intra atomic) **हाइड्रोजन बन्ध (किलेशन)**

इस प्रकार की हाइड्रोजन बन्धुता **"किलेशन"** कहलाती है व यह एक ही अणु के दो परमाणुओं के मध्य होती है। यह हाइड्रोजन परमाणु व उच्च ऋणी विद्युतीय परमाणु (F, $O$ या $N$) के मध्य एक ही अणु में होती है। जिसके कारण अणु में चक्रियता उत्पन्न हो जाती है व उसके संगुणन करने की क्षमता क्षीण हो जाती है। यह मुख्यतः कार्बनिक यौगिकों में पाया जाता है। इसके कारण अणु यौगिक के भौतिक गुणों पर बहुत कम प्रभाव पड़ता है।

उदाहरण के लिए ऑर्थो–नाइट्रोफिनॉल व ऑर्थो–बेन्जोइक अम्ल में अन्तराण्विक हाइड्रोजन बन्धन पाया जाता है।



सैलिसिलडिहाइड (o-हाइड्रॉक्सी बेन्जल्डीहाइड)

ऑर्थो–नाइट्रोफिनॉल ऑर्थो नाइट्रोबेन्जोइक अम्ल

*अन्तरआण्विक और अन्तराआण्विक हाइड्रोजन बन्धन का परिमाण तापक्रम पर निर्भर करता है*

### हाइड्रोजन बन्धन के प्रभाव

हाइड्रोजन बन्धन कुछ यौगिकों में असामान्य भौतिक गुणों को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं,

(1) **वियोजन :** जलीय विलयन में $HF$ वियोजित होकर $(HF_2^-)$ डाईफ्लोराइड आयन बनाता है (किन्तु फ्लोराइड आयन $F^-$ नहीं)। यह $HF$ में हाइड्रोजन बन्धन के कारण होता है। इसी कारण $KHF_2$ का अस्तित्व है, निर्मित हाइड्रोजन बन्ध सामान्यतः अणु में उपस्थित सहसंयोजी बन्ध से लम्बा होता है। (उदाहरण $H_2O$, $O–H$ बन्ध = 0.99 Å किन्तु $H$-बन्ध = 1.77 Å)

(2) **संगुणन :** कुछ अणु जैसे कार्बोक्सिलिक अम्ल डाईमर बनाते हैं, जो कि हाइड्रोजन बन्धन के कारण ही होता है। कुछ अणुओं का अणुभार इसी कारण उनके सामान्य सूत्र के अणुभार का दुगुना होता है जैसे एसीटिक अम्ल का अणुभार 120 ज्ञात हुआ है।

(3) **उच्च गलनांक व क्वथनांक :** जिन अणुओं में हाइड्रोजन बन्धन होता है, उनका गलनांक व क्वथनांक असामान्य रूप से अधिक पाया जाता है।

कुछ अणुओं जैसे ($H_2O, HF$ और $NH_3$) आदि में हाइड्रोजन बन्धन के कारण बन्धों को तोड़ने के लिए कुछ अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है

(4) **घुलनशीलता :** कुछ ऐसे सहसंयोजी यौगिक हैं जो कि जल में घुल जाते हैं क्योंकि उनके मध्य हाइड्रोजन बन्धन पाया जाता है जैसे कुछ निम्न श्रेणी के एल्कोहल जल में हाइड्रोजन बन्धन के कारण घुलनशील होते हैं।



अन्तराआण्विक हाइड्रोजन बन्ध के कारण जलीय विलयनों में घुलनशीलता बढ़ जाती है, जबकि अन्तराआण्विक हाइड्रोजन बन्ध के कारण जलीय विलयनों में घुलनशीलता कम हो जाती है इसका मुख्य कारण यह है कि अणु (एक ही) अन्तराआण्विक हाइड्रोजन बन्धन के कारण, जल में हाइड्रोजन बन्ध नहीं बना पाता।



o- नाइट्रोफिनॉल

किलेशन के कारण $OH$ समूह जल के साथ हाइड्रोजन बन्ध बनाने के लिए स्वतन्त्र नहीं होता है अतः यह जल में बहुत कम घुलनशील होता है



$p$- नाइट्रोफिनॉल

$-OH$ समूह जल के साथ हाइड्रोजन बन्ध बनाने के लिए स्वतन्त्र होता है अतः यह जल में पूर्णरूप से घुलनशील होता है

(5) जिन अणुओं में अन्तरआण्विक हाइड्रोजन बन्धन पाया जाता है उनकी वाष्पशीलता घट जाती है व उनका क्वथनांक बढ़ जाता है।

(6) **श्यानता और पृष्ठ तनाव :** पदार्थ जिसमें हाइड्रोजन बन्ध पाया जाता है, में अणु आपस में संगुणित रहते हैं। अतः उनकी गति तुलनात्मक रूप से थोड़ी कठिन होती है दूसरे शब्दों में उनमें अधिक श्यानता व पृष्ठ तनाव पाया जाता है।

(7) **जल की तुलना में बर्फ का घनत्व कम होने व जल का घनत्व 277$K$ पर अधिकतम होने का कारण :** बर्फ में हाइड्रोजन बन्धन के कारण जाल की तरह रचना बन जाती है जो कि चित्र में प्रदर्शित है। इस रचना में जल के अणु चतुष्कोणीय व्यवस्था में आपस में जुड़े होते हैं। (जल का एक अणु अन्य चार जल के अणुओं द्वारा) जल की तुलना में बर्फ का घनत्व इसी रचना के कारण 273°$K$ पर कम हो जाता है जिसके कारण वह जल की सतह पर तैरता रहता है। इसे गर्म करने पर हाइड्रोजन बन्ध विकृत होना प्रारम्भ कर देते हैं और जल के अणु पास–पास न रहकर दूर–दूर हो जाते हैं और वह द्रव अवस्था में परिवर्तित हो जाते हैं। द्रव अवस्था में अणु पुनः हाइड्रोजन बन्ध स्थापित कर लेते हैं वे निकट आ जाते हैं और द्रव का आयतन कम होकर उसका घनत्व बढ़ जाता है। इस स्थिति में तापमान 277°$K$ तक पहुँच जाता है, 277°$K$ के ऊपर गर्म करने पर, $H$-बन्ध टूटने लगते हैं। आयतन बढ़ जाता है व घनत्व घट जाता है। अतः जल का अधिकतम घनत्व 277°$K$ पर होता है।




बर्फ में $H_2O$ की पिंजरे जैसी संरचना

# Tips & Tricks

- रासायनिक बन्ध बनाने के लिये अनुमानित करते हैं कि जब सम्पूर्ण निर्माण ऊर्जा प्रथक घटको की अपेक्षा लगभग 40 *kJ mole* कम हों।
- रासायनिक बन्ध का निर्माण सदैव ऊष्माक्षेपी प्रक्रम होता है।
- द्विसंयोजी ठोस की जालक ऊर्जा > द्वि-एकल संयोजी ठोस > एकल-एकल संयोजी ठोस। उदाहरण के लिये $Mg^{2+}O^{2-}(3932\ kJ\ mole^{-1}) > Ca^{2+}(F^-)_2\ (2581\ kJ\ mole^{-1}) > Li^+F^-(1034\ kJ\ mole^{-1})$ की जालक ऊर्जा ।
- जब उपसहसंयोजन संख्या बढ़ती है, आकर्षण के कूलॉम्बिक बल बढ़ते हैं और इसलिये स्थायित्व बढ़ता है।
- आयनिक ठोसों का वाष्प दाब ऋणात्मक होता है।
- सामान्य नियम की तरह, आवर्त सारणी के मध्य कॉलम के हल्के तत्वों द्वारा परमाण्विक क्रिस्टल बनते हैं।
- $FeCl_2$ की अपेक्षा $FeCl_3$ अधिक सहसंयोजी है क्योंकि $Fe^{2+}$ की अपेक्षा $Fe^{3+}$ की ध्रुवण शक्ति अधिक होती है। इसी प्रकार $SnCl_2$ की अपेक्षा $SnCl_4$ अधिक सहसंयोजी है।
- बोरॉन आवर्त सारणी में अन्य तत्वों की अपेक्षा सबसे अधिक इलेक्ट्रॉन न्यून यौगिक बनाता है।
- प्रत्येक एकाकी युग्म बन्ध कोण को लगभग 2.5° कम करता है।
- बन्धी परमाणुओं पर जितने अधिक एकाकी युग्मों की संख्या होगी उतना ही अधिक उनमें प्रतिकर्षण होगा और बन्ध उतना ही दुर्बल होगा।
- तत्व के बाहरी कोश में उपस्थित *s*- एवं *p*-इलेक्ट्रॉनों की वास्तविक संख्या को उस परमाणु की अधिकतम सहसंयोजकता कहते हैं।
- हाइड्रोजन बन्ध अपनी दिशा में चतुष्फलकीय होते हैं एवं असमतलीय होते हैं।
- *HF* में हाइड्रोजन बन्ध प्रबल होते हैं एवं वाष्प अवस्था में भी दृढ़ बने रहते हैं। इस तरह के बन्ध इस तथ्य के लिये आधार देते हैं कि गैसीय हाइड्रोजन फ्लोराइड आण्विक प्रजाति $H_2F_2, H_3F_3, H_4F_4, H_5F_5$ तथा $H_6F_6$ में अत्याधिक बहुलीकृत होता है।
- हाइड्रोजन बन्ध प्रबल होता है जब बन्धित संरचना अनुनाद द्वारा स्थायित्व प्राप्त करती है।
- जल का क्रान्तिक ताप $O_2$ की अपेक्षा उच्च होता है क्योंकि $H_2O$ अणु में द्विध्रुव आघूर्ण होता है।

# Ordinary Thinking

## Objective Questions

### वैद्युतसंयोजी बन्ध

1. $NaCl$ क्रिस्टल इनमें से किससे बना हुआ है [CPMT 1972; NCERT 1976; DPMT 1996]
   (a) $NaCl$ अणु (b) $Na^+$ तथा $Cl^-$ आयन
   (c) $Na$ तथा $Cl$ परमाणु (d) इनमें से कोई नहीं
2. जब सोडियम और क्लोरीन क्रिया करते हैं तो [NCERT 1973]
   (a) ऊर्जा उत्पन्न होती है तथा आयनिक बन्ध बनता है
   (b) ऊर्जा उत्पन्न होती है तथा सहसंयोजक बन्ध बनता है
   (c) ऊर्जा अवशोषित होती है तथा आयनिक बन्ध बनता है
   (d) ऊर्जा अवशोषित होती है तथा सहसंयोजक बन्ध बनता है
3. निम्न में से कौनसा यौगिक सबसे कम आयनिक है [CPMT 1976; BHU 1998]
   (a) $AgCl$ (b) $KCl$
   (c) $BaCl_2$ (d) $CaCl_2$
4. चार तत्वों *L, P, Q* तथा *R* के इलेक्ट्रॉनिक विन्यास कोष्टक में दिये गये हैं
   $L(1s^2, 2s^2 2p^4); Q(1s^2, 2s^2 2p^6, 3s^2\ 3p^5)$
   $P(1s^2, 2s^2 2p^6, 3s^1); R(1s^2, 2s^2 2p^6, 3s^2)$
   इन तत्वों के बीच बनने वाले आयनिक यौगिकों के सूत्र होंगे [NCERT 1983]
   (a) $L_2P, RL, PQ$ तथा $R_2Q$ (b) $LP, RL, PQ$ तथा $RQ$
   (c) $P_2L, RL, PQ$ तथा $RQ_2$ (d) $LP, R_2L, P_2Q$ तथा $RQ$
5. वैद्युतसंयोजी यौगिक [MP PMT 1984]
   (a) इनके द्रवणांक निम्न होते हैं
   (b) इनके क्वथनांक निम्न होते हैं
   (c) गलित अवस्था में विद्युत संचालन करते हैं
   (d) ध्रुवीय विलायक में अविलेय होते हैं
6. एक विद्युत संयोजी यौगिक बना हुआ है [CPMT 1978, 81; MNR 1979]
   (a) विद्युत आवेशित अणुओं का
   (b) उदासीन अणुओं का
   (c) उदासीन परमाणुओं का
   (d) विद्युत आवेशित परमाणुओं या परमाणु समूहों का
7. विद्युत संयोजक बन्ध का बनना निर्भर करता है
   (a) आयनन ऊर्जा पर (b) इलेक्ट्रॉन बन्धुता पर
   (c) जालक ऊर्जा पर (d) उपरोक्त तीनों पर
8. निम्नलिखित में से किस पदार्थ का क्वथनांक सबसे अधिक होगा [NCERT 1973; MP PMT 1990]
   (a) $He$ (b) $CsF$
   (c) $NH_3$ (d) $CHCl_3$

9. सोडियम का परमाणु एक इलेक्ट्रॉन त्याग देता है और क्लोरीन का परमाणु उसे ग्रहण कर लेता है, जिससे सोडियम क्लोराइड का अणु बन जाता है। इस प्रकार का अणु होगा [MP PMT 1987]
(a) उपसहसंयोजक (b) सहसंयोजक
(c) विद्युत संयोजक (d) धात्विक बन्ध

10. एक धात्विक ऑक्साइड का सूत्र $MO$. है। इसके फॉस्फेट का सूत्र होगा [CPMT 1986, 93]
(a) $M_2(PO_4)_2$ (b) $M(PO_4)$
(c) $M_2PO_4$ (d) $M_3(PO_4)_2$

11. निम्नलिखित में से किस समूह के तत्व सरलता से धन आयन बनाते हैं
(a) $F, Cl, Br$ (b) $Li, Na, K$
(c) $O, S, Se$ (d) $N, P, As$

12. किस प्रकार के यौगिक उच्च गलनांक और क्वथनांक दर्शाते हैं [CPMT 1996]
(a) वैद्युत संयोजक यौगिक
(b) सहसंयोजक यौगिक
(c) उपसहसंयोजी यौगिक
(d) सभी तीनों प्रकार के यौगिको के क्वथनांक व गलनांक समान होते हैं

13. एक आयनिक यौगिक की जालक ऊर्जा निर्भर करती है। [AIEEE 2005]
(a) केवल आयन पर आवेश
(b) केवल आयन का आकार
(c) केवल आयनों की पेकिंग
(d) आयनों का आकार और आवेश

14. इन बन्धों में कौनसा सबसे अधिक आयनिक है [EAMCET 1980]
(a) $Cs-Cl$ (b) $Al-Cl$
(c) $C-Cl$ (d) $H-Cl$

15. तत्व $x$ प्रबल विद्युतधनी और $y$ प्रबल विद्युतऋणी है। दोनों तत्व एक संयोजी हैं। उनके संयोग से बना यौगिक होगा [IIT 1980]
(a) $x^+y^-$ (b) $x^-y^+$
(c) $x-y$ (d) $x \to y$

16. $Na$ तथा $Cl$ के योग से $NaCl$ के निर्माण में [CPMT 1985]
(a) सोडियम तथा क्लोरीन दोनों इलेक्ट्रॉन देते हैं
(b) सोडियम तथा क्लोरीन दोनों इलेक्ट्रॉन ग्रहण करते हैं
(c) सोडियम इलेक्ट्रॉन खोता है तथा क्लोरीन ग्रहण करता है
(d) सोडियम इलेक्ट्रॉन ग्रहण करता है तथा क्लोरीन खोता है

17. निम्नलिखित में से कौन एक वैद्युतसंयोजी बन्ध है [CPMT 1974; DPMT 1984, 91; AFMC 1988]
(a) $CH_4$ (b) $MgCl_2$
(c) $SiCl_4$ (d) $BF_3$

18. विद्युत–संयोजी यौगिक में नहीं होगा [CPMT 1991]
(a) उच्च गलनांक तथा निम्न क्वथनांक
(b) उच्च परावैद्युत स्थिरांक
(c) उच्च गलनांक तथा उच्च क्वथनांक
(d) उच्च ध्रुवता

19. आयनिक क्रिस्टल जल में घुलते हैं क्योंकि [NCERT 1982]
(a) जल एक एम्फीप्रोटिक विलायक है
(b) जल उच्च क्वथनांक वाला द्रव है
(c) यह क्रिया विलयन की धनात्मक ऊष्मा के द्वारा होती है
(d) जलयोजन से जल क्रिस्टल जालक में अन्तर आयनिक आकर्षण को दुर्बल करता है

20. चार तत्वों A, B, C, D की इलेक्ट्रॉनिक संरचनायें हैं
(A) $1s^2$ (B) $1s^2, 2s^2 2p^2$
(C) $1s^2, 2s^2 2p^5$ (D) $1s^2, 2s^2 2p^6$
विद्युत संयोजकता बन्ध बनाने की प्रवृत्ति अधिक है [MNR 1987, 95]
(a) $A$ (b) $B$
(c) $C$ (d) $D$

21. यदि धातु का क्लोराइड $MCl_2$ है तो धातु के फॉस्फेट का सूत्र होगा [CPMT 1979]
(a) $M_2PO_4$ (b) $M_3(PO_4)_2$
(c) $M_2(PO_4)_3$ (d) $MPO_4$

22. धातु के फॉस्फेट का सूत्र $MPO_4$ है तो इसके नाइट्रेट का सूत्र होगा [CPMT 1971; MP PMT 1996]
(a) $MNO_3$ (b) $M_2(NO_3)_2$
(c) $M(NO_3)_2$ (d) $M(NO_3)_3$

23. $Zn$ परमाणु का $Zn^{++}$ आयन में संक्रमण से कमी आती है [CPMT 1972]
(a) संयोजकता इलेक्ट्रॉनों की संख्या में
(b) परमाणु भार में
(c) परमाणु संख्या में
(d) तुल्यांकी भार में

24. धातु $M$ के फॉस्फेट का सूत्र $M_3(PO_4)_2$. है तो इसके सल्फेट का सूत्र होगा [CPMT 1973; MP PMT 1996]
(a) $MSO_4$ (b) $M(SO_4)_2$
(c) $M_2(SO_4)_3$ (d) $M_3(SO_4)_2$

25. धातु $M$ के क्लोराइड का सूत्र $MCl_3$. तो इसके कार्बोनेट का सूत्र होगा [CPMT 1987]
(a) $MCO_3$ (b) $M_2(CO_3)_3$
(c) $M_2CO_3$ (d) $M(CO_3)_2$

26. सोडियम क्लोराइड आसानी से जल में घुल जाता है, क्योंकि [NCERT 1972; BHU 1973]
(a) यह सहसंयोजी यौगिक है
(b) नमक जल के साथ क्रिया करता है
(c) यह सफेद पदार्थ है
(d) इसके आयन आसानी से घुल जाते हैं

27. यदि $NaCl$ को जल में घोलें तो सोडियम आयन होता है [NCERT 1974; CPMT 1989; MP PMT 1999]
(a) ऑक्सीकृत (b) अपचयित
(c) जल अपघटित (d) जलयोजित

28. ठोस $NaCl$ विद्युत का अच्छा चालक नहीं है क्योंकि

[AFMC 1980]

(a) ठोस $NaCl$ में कोई आयन नहीं होते हैं
(b) ठोस $NaCl$ सहसंयोजी हैं
(c) ठोस $NaCl$ में आयनों की गति नहीं होती
(d) ठोस $NaCl$ में इलेक्ट्रॉन नहीं होते हैं

29. विद्युत संयोजकता के लिये सबसे अधिक अनुकूल परिस्थितियाँ हैं
(a) आयनों पर कम आवेश, बड़ा धनायन तथा छोटा ऋणायन
(b) आयनों पर उच्च आवेश, छोटा धनायन तथा बड़ा ऋणायन
(c) आयनों पर उच्च आवेश, बड़ा धनायन तथा छोटा ऋणायन
(d) आयनों पर कम आवेश, छोटा धनायन तथा बड़ा ऋणायन

30. एक धातु के सल्फेट का सूत्र $M_2(SO_4)_3$. है तो इसके फॉस्फेट का सूत्र होगा [DPMT 1982; CPMT 1972; MP PMT 1995]
(a) $M(HPO_4)_2$ (b) $M_3(PO_4)_2$
(c) $M_2(PO_4)_3$ (d) $MPO_4$

31. आयनिक बन्ध सामान्यतः उन तत्वों के संयोग से बनता है जिनका [CBSE PMT 1993; MP PMT 1994]
(a) आयनन विभव उच्च है तथा इलेक्ट्रॉन बन्धुता निम्न है
(b) आयनन विभव निम्न है तथा इलेक्ट्रॉन बन्धुता उच्च है
(c) आयनन विभव उच्च है तथा इलेक्ट्रॉन बन्धुता उच्च है
(d) आयनन विभव निम्न है तथा इलेक्ट्रॉन बन्धुता निम्न है

32. पिघला सोडियम क्लोराइड विद्युत का सुचालक है, क्योंकि इसमें उपस्थित होता है [IIT 1981]
(a) स्वतंत्र इलेक्ट्रॉन
(b) स्वतंत्र आयन
(c) स्वतंत्र अणु
(d) सोडियम तथा क्लोरीन के परमाणु

33. धातु के फॉस्फेट का सूत्र $MHPO_4$. है तब इसके क्लोराइड का सूत्र होगा [NCERT 1974; CPMT 1977]
(a) $MCl$ (b) $MCl_2$
(c) $MCl_3$ (d) $M_2Cl_3$

34. आयनिक यौगिक $AgCl$, $CaF_2$, $BaSO_4$ जल में अघुलनशील है, इसका कारण है [NCERT 1984]
(a) आयनिक बन्ध जल में नहीं घुलते हैं
(b) जल का उच्च परावैद्युत स्थिरांक होता है
(c) जल एक अच्छा आयनिक विलायक नहीं है
(d) ये अणु जालक में अपवादीय उच्च वैकल्पिक बल रखते हैं

35. $Cs$ तथा $F$ के बीच रासायनिक बन्ध की प्रकृति है [MP PMT 1987; CPMT 1976]
(a) सहसंयोजी (b) आयनिक
(c) उपसहसंयोजी (d) धात्विक

36. निम्न में से कौनसे यौगिक आयनिक हैं [MNR 1985]
(a) $KCl$ (b) $CH_4$
(c) हीरा (d) $H_2$

37. निम्नलिखित में से कौनसे यौगिक में वैद्युतसंयोजी बन्ध है [CPMT 1983, 84, 93]
(a) $CH_3Cl$ (b) $NaCl$
(c) $CH_4$ (d) $Cl_2$

38. आयनिक यौगिक सामान्यतः होता है [MADT Bihar 1981]
(a) अच्छा वैद्युत अपघट्य (b) दुर्बल वैद्युत अपघट्य
(c) अन–अपघट्य (d) उदासीन

39. धातु,अधातु से संयोग करती है, तो धातु परमाणु की प्रवृत्ति होती है [AMU 1982]
(a) इलेक्ट्रॉन त्यागने की
(b) इलेक्ट्रॉन ग्रहण करने की
(c) वैद्युतीय उदासीन रहते हैं
(d) इनमें से कोई नहीं

40. कैल्शियम पायरोफॉस्फेट का रासायनिक सूत्र $Ca_2P_2O_7$. है तो फैरिक पायरोफॉस्फेट का सूत्र होगा [NCERT 1977]
(a) $Fe_3(P_2O_7)_3$ (b) $Fe_4P_4O_{14}$
(c) $Fe_4(P_2O_7)_3$ (d) $Fe_3PO_4$

41. एक क्लोरीन परमाणु द्वारा हाइड्रोजन, क्लोरीन, सोडियम तथा कार्बन परमाणुओं के साथ बनाये गये बन्धों में से प्रबलतम बन्ध बनता है [EAMCET 1988; MP PMT 1993]
(a) $H-Cl$ (b) $Cl-Cl$
(c) $Na-Cl$ (d) $C-Cl$

42. निम्नलिखित में से कौन सबसे कम विलेय है [CPMT 1989]
(a) $BeF_2$ (b) $SrF_2$
(c) $CaF_2$ (d) $MgF_2$

43. निम्नलिखित में से किस हैलाइड का गलनांक सर्वाधिक है
(a) $NaCl$ (b) $NaBr$
(c) $NaI$ (d) $NaF$

44. सल्फेनिलिक अम्ल का उच्च गलनांक तथा कार्बनिक विलायको में अघुलनशीलता का कारण इसकी ............... संरचना है [IIT 1994]
(a) साधारण आयनिक (b) द्विध्रुव आयनिक
(c) घनाकार (d) षट्कोणीय

45. निम्नलिखित में से किस यौगिक में वैद्युतसंयोजी आबन्धन होता है
(a) अमोनिया (b) जल
(c) कैल्शियम क्लोराइड (d) क्लोरोमेथेन

46. विद्युतसंयोजक बन्ध में परमाणुओं को परस्पर बाँधने वाला बल होता है
(a) वान्डरवाल बल
(b) द्विध्रुव आकर्षण बल
(c) स्थिरविद्युत आकर्षण बल
(d) यह सभी

47. विद्युतसंयोजक बन्ध के निर्माण में होने वाली प्रमुख क्रिया है
(a) उपापचयन अभिक्रिया (b) प्रतिस्थापन अभिक्रिया
(c) योग अभिक्रिया (d) विलोपन अभिक्रिया

48. विद्युत–संयोजी यौगिक होते हैं [CPMT 1996]
(a) विद्युत के अच्छे चालक
(b) प्रकृति में ध्रुवीय
(c) कम गलनांक एवं कम क्वथनांक
(d) सरलता से उपलब्ध

49. आयनिक यौगिकों में नहीं होता [RPMT 1997]
(a) कठोर तथा भंगुर प्रकृति
(b) उच्च गलनांक एवं क्वथनांक
(c) दिशात्मक गुण
15. डाइक्रोमेट द्विऋणायन में [IIT 1999]

(a) $4\ Cr - O$ बन्ध समतुल्य हैं

(b) $6\ Cr - O$ बन्ध समतुल्य हैं

(c) समस्त $Cr - O$ बन्ध समतुल्य हैं

(d) समस्त $Cr - O$ बन्ध समतुल्य नहीं हैं

16. एथेन (I), एथीन (II), एसीटिलीन (III) तथा बेन्जीन (IV) की बन्ध लम्बाई का क्रम होगा [CPMT 1999]

(a) $I > II > III > IV$ (b) $I > II > IV > III$

(c) $I > IV > II > III$ (d) $III > IV > II > I$

17. $ClF_3$ मे क्लोरीन की संकरण अवस्था है [RPET 1999]

(a) $sp^3$ (b) $sp^3d$

(c) $sp^3d^2$ (d) $sp^3d^3$

18. $SF_4, CF_4$ और $XeF_4$ के आण्विक आकार हैं [IIT Screening 2000]

(a) क्रमशः 2, 0 व 1 एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म के साथ समान

(b) क्रमशः 1, 1 व 1 एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म के साथ समान

(c) क्रमशः 0, 1 व 2 एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म के साथ भिन्न

(d) क्रमशः 1, 0 व 2 एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म के साथ भिन्न

19. $IF_4^+$ की संरचना व इसमें आयोडीन का संकरण है [UPSEAT 2001]

(a) $sp^3d$ , रेखीय

(b) $sp^3d^2$ , $T$-आकार

(c) $sp^3d$ , चतुष्फलकीय

(d) $sp^3d^2$ , अष्टफलकीय

20. इनमें से किसका केन्द्रीय परमाणु $sp$ संकरण का उपयोग अपनी बन्धुता में नहीं करता है [UPSEAT 2001, 02]

(a) $BeF_3^-$ (b) $OH_3^+$

(c) $NH_2^-$ (d) $NF_3$

21. $K_3[Fe(CN)_6]$ में चुम्बकीय आघूर्ण 1.7 B.M. है, तो इसके अयुग्मित इलेक्ट्रॉनों की संख्या प्रतिअणु है [Orissa JEE 2003]

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 4

22. $N_2$ तथा $O_2$ को क्रमशः $N_2^+$ तथा $O_2^+$ धनायन में परिवर्तित किया जाता है, निम्न में कौनसा कथन गलत है [CBSE PMT 1997]

(a) $N_2$ में $N - N$ बन्ध दुर्बल है

(b) $O_2$ में $O - O$ बन्ध कोटि बढ़ती है

(c) $O_2$ में अनुचुम्बकत्व घटता है

(d) $N_2^+$ प्रतिचुम्बकीय हो जाता है

23. $CN^-$, $CO$ और $NO^+$ प्रजातियों के गुणों में समानता है [IIT Screening 2001]

(a) बंधक्रम तीन और समइलेक्ट्रॉन की

(b) बंधक्रम तीन और दुर्बलक्षेत्र लिगेण्ड की

(c) बंधक्रम दो और π-इलेक्ट्रॉनग्राही की

(d) समइलेक्ट्रॉनिक और दुर्बल क्षेत्र लिगेण्ड्स की

**24.** सल्फर ट्राईऑक्साइड $(S_3O_9)$ में $S-S$ बन्धों की संख्या है [IIT Screening 2001]

(a) 3 (b) 2

(c) 1 (d) 0

**25.** निम्न में से किन अणुओं के युग्म के मध्य सबसे अधिक प्रबल अन्तर–अणुक हाइड्रोजन बन्ध उपस्थित हैं [IIT 1981; DCE 2000]

(a) $SiH_4$ और $SiF$

(b) $CH_3-\overset{\overset{O}{||}}{C}-CH_3$ और $CHCl_3$

(c) $H-\overset{\overset{O}{||}}{C}-OH$ और $CH_3-\overset{\overset{O}{||}}{C}-OH$

(d) $H_2O$ और $H_2O_2$

**26.** एक यौगिक जिसके $X, Y, Z$ परमाणु हैं, इनकी ऑक्सीकरण संख्या क्रमशः $X$ की $+2$, $Y$ की $+5$ तथा $Z$ की $-2$ है तो यौगिक का संभावित सूत्र होगा [CPMT 1988]

(a) $XYZ_2$ (b) $X_2(YZ_3)_2$

(c) $X_3(YZ_4)_2$ (d) $X_3(Y_4Z)_2$

**27.** $CuSO_4.5H_2O$ में उपस्थित बन्ध हैं [IIT 1983; DCE 2001]

(a) विद्युतसंयोजक तथा सहसंयोजक

(b) विद्युतसंयोजक तथा उपसह-संयोजक

(c) विद्युतसंयोजक, सहसंयोजक तथा उपसह-संयोजक

(d) सहसंयोजक तथा उपसह-संयोजक

**28.** हाइड्रोजन परमाणु आयनीकरण पर क्या देगा [UPSEAT 2001]

(a) संकरित आयन (b) हाइड्रोनियम आयन

(c) प्रोटॉन (d) हाइड्रोक्सिल आयन

**29.** कौनसा अणु अवशेषी क्षमता प्रदर्शित करता है [JIPMER 2000]

(a) $BeCl_2$ (b) $NaCl$

(c) $CH_4$ (d) $N_2$

## AR Assertion & Reason

*For AIIMS Aspirants*

निम्नलिखित प्रश्नों में प्रक्कथन (Assertion) के वक्तव्य के पश्चात कारण (Reason) का वक्तव्य है।

*(a)* प्रक्कथन और कारण दोनों सही है और कारण प्रक्कथन का सही स्पष्टीकरण देता है

*(b)* प्रक्कथन और कारण दोनों सही हैं किन्तु कारण प्रक्कथन का सही स्पष्टीकरण नहीं देता है

*(c)* प्रक्कथन सही है किन्तु कारण गलत है

*(d)* प्रक्कथन और कारण दोनों गलत है

*(e)* प्रक्कथन गलत है किन्तु कारण सही है।

**1.** प्रक्कथन : आयनिक यौगिक के लिए जल अच्छा विलायक है लेकिन सहसंयोजी यौगिकों के लिए दुर्बल विलायक है।

कारण : आयनों की जलयोजन ऊर्जा से मुक्त ऊर्जा जल में जालक ऊर्जा हाइड्रोजन बन्धों को तोड़ने के लिए काफी होती है जबकि सहसंयोजित बन्धित यौगिकों के मध्य पारस्परिक क्रिया इतनी दुर्बल होती है कि सहसंयोजी यौगिको के अणुओं के बीच लगने वाले वाण्डरवॉल बल को भी नहीं तोड़ पाते। [AIIMS 1996]

**2.** प्रक्कथन : सहसंयोजी अणुओं में परमाणुओं के इलेक्ट्रॉन सहभाजित होते हैं। फिर भी कुछ सहसंयोजी अणु ध्रुवीय होते हैं।

कारण : ध्रुवीय सहसंयोजी अणु में, साझित इलेक्ट्रॉन औसत परमाणुओं के नजदीक अधिक समय व्यतीत करते हैं। [AIIMS 1996]

**3.** प्रक्कथन : डाईबोरेन इलेक्ट्रॉन न्यून है।

कारण : इसके पास सहसंयोजी बन्ध बनाने के लिए पर्याप्त संयोजी इलेक्ट्रॉन नहीं हैं। [AIIMS 2001]

**4.** प्रक्कथन : कैनोनिकल संरचनाओं की अपेक्षा अनुनादी संकर हमेशा अधिक स्थायी होते हैं।

कारण : यह स्थायित्व इलेक्ट्रॉनों के विस्थानीकरण के कारण होता है। [AIIMS 1999]

**5.** प्रक्कथन : $SF_4$ में सभी $F-S-F$ कोण 90° से अधिक होते हैं लेकिन 180° से कम होते हैं।

कारण : बन्ध युग्म-बन्ध युग्म प्रतिकर्षण की तुलना में एकाकी युग्म-बन्ध युग्म प्रतिकर्षण दुर्बल होता है। [AIIMS 2004]

**6.** प्रक्कथन : $O_3$ की इलेक्ट्रॉनिक संरचना है। 

कारण :  यह संरचना मान्य नहीं है क्योंकि अष्टक चारों ओर नहीं फैल सकता। [IIT 1998]

**7.** प्रक्कथन : शून्य सहित बन्धक्रम के कई मान हो सकते हैं।

कारण : बन्धक्रम उच्च, तो बन्ध लम्बाई कम और बन्ध ऊर्जा अधिक। [AIIMS 1999]

**8.** प्रक्कथन : अन्तर–अणुक हाइड्रोजन बन्ध की उपस्थित के कारण ऑर्थो–नाइट्रो फिनॉल के अणु संगुणित होते हैं जबकि पैरा नाइट्रो फिनॉल में अन्तरा–अणुक हाइड्रोजन बन्ध पाया जाता है।

कारण : पैरा नाइट्रोफिनॉल की अपेक्षा ऑर्थो नाइट्रो फिनॉल अधिक वाष्पशील है। [AIIMS 1999]

**9.** प्रक्कथन : नाइट्रोजन अणु प्रतिचुम्बकीय है।

कारण : $N_2$ अणु में अयुग्मित इलेक्ट्रॉन होते हैं।

10. प्रक्कथन : द्रव जल की अपेक्षा बर्फ का घनत्व कम होता है।
कारण : बर्फ में हाइड्रोजन बन्धित जल के अणुओं के बीच में रिक्तिकाएँ पायी जाती हैं।

11. प्रक्कथन : जल द्रव है जब कि $H_2S$ गैस।
कारण : ऑक्सीजन अनुचुम्बकीय है।

12. प्रक्कथन : जल में कार्बन टेट्राक्लोराइड की अपेक्षा आयोडीन अधिक घुलनशील है।
कारण : आयोडीन ध्रुवीय यौगिक है।

13. प्रक्कथन : $o$-नाइट्रोफिनॉल और $p$-नाइट्रो फिनॉल को भाप आसवन द्वारा प्रथक कर सकते हैं।
कारण : $o$-नाइट्रोफिनॉल में अन्तराअणुक हाइड्रोजन बन्ध पाया जाता है जबकि $p$-नाइट्रोफिनॉल के अणु संगुणित होते हैं।

14. प्रक्कथन : फ्लोरीन की क्रियाशीलता कम होती है
कारण : $F-F$ बन्ध की बन्ध वियोजन ऊर्जा कम होती है।

15. प्रक्कथन : $\sigma$ बन्ध प्रबल और $\pi$ दुर्बल बन्ध होता है।
कारण : $\pi$ बन्ध के चारों ओर परमाणु स्वतंत्र घूर्णन करते हैं।

16. प्रक्कथन : इलेक्ट्रॉन के कुल योग द्वारा धनात्मक आयनीकरण एन्थैल्पी एवं एन्थैल्पी प्राप्त करने के बाबजूद भी क्रिस्टल संरचना स्थायित्व प्राप्त करती है।
कारण : क्रिस्टल जालक के निर्माण के दौरान ऊर्जा अवशोषित होती है।

17. प्रक्कथन : समान हैलाइडों के लिए जालक ऊर्जा का क्रम है $LiX > NaX > KX$.
कारण : क्षारीय मृदा धातुओं का आकार $Li$ से $K$ तक बढ़ता है।

18. प्रक्कथन : बॉर्न–हैबर चक्र, हैस के नियम पर आधारित है।
कारण : बॉर्न–हैबर चक्र द्वारा जालक एन्थैल्पी की गणना कर सकते हैं।

19. प्रक्कथन : बन्धन ऊर्जा का क्रम है, $C-C < C=C < C\equiv C$.
कारण : बन्धक्रम बढ़ने के साथ बन्धन ऊर्जा बढ़ती है।

20. प्रक्कथन : इलेक्ट्रॉन बन्धुता को अतिरिक्त इलेक्ट्रॉन के आकर्षण के लिए विलगित परमाणु की तरह प्रदर्शित किया जाता है, जबकि ऋणविद्युतता किसी तत्व की वह क्षमता है जिसके द्वारा वो साझित युग्म के इलेक्ट्रॉनों को अपनी ओर आकर्षित करता है।
कारण : इलेक्ट्रॉन बन्धुता एक आपेक्षिक संख्या है और ऋणविद्युतता एक प्रायोगिक मापक है।

21. प्रक्कथन : $SF_4$ अणु की ज्यामिति को विकृत चतुष्फलक, मुड़े हुए वर्ग अथवा झूले की तरह संदर्भित कर सकते हैं।
कारण : सल्फर अणु के साथ, चार फ्लोरीन परमाणु चारों ओर होते हैं अथवा बन्ध बनाते हैं।

22. प्रक्कथन : $H_2S$ की अपेक्षा $BF_3$ में अधिक द्विध्रुव आघूर्ण होता है।
कारण : सल्फर की अपेक्षा फ्लोरीन अधिक ऋणविद्युती तत्व है।

23. प्रक्कथन : दो समरुपी अधातु परमाणुओं के बीच बन्ध में समान चक्रण युक्त इलेक्ट्रॉन का युग्म होता है।
कारण : एक परमाणु से दूसरे परमाणु में इलेक्ट्रॉनों का स्थानान्तरण पूर्णरुप से होता है।

24. प्रक्कथन : $B_2$ अणु प्रतिचुम्बकीय है।
कारण : सर्वाधिक आण्विक कक्षक $\sigma$ प्रकार के होते हैं। [AIIMS 2005]

25. प्रक्कथन : ऑक्सीजन परमाणु के चारों ओर कक्षकों की निकटस्थ चतुष्फलकीय व्यवस्था, प्रत्येक जल अणु से हाइड्रोजन बन्ध बनााने के लिए स्वीकृत करती है। जिसके साथ अधिकतम 4 पड़ोसी जल अणु होते हैं।
कारण : बर्फ में, प्रत्येक अणु चार हाइड्रोजन बन्ध बनाता है। जैसे – प्रत्येक अणु त्रिविम में स्थिर (fix) होता है।

26. प्रक्कथन : हीलियम का बन्धक्रम हमेशा शून्य होता है।
कारण : बन्धी आण्विक कक्षक और प्रति आबन्धी आण्विक कक्षको में इलेक्ट्रॉनों की संख्या समान होती है।

# Answers

## वैद्युत संयोजी बन्ध

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | b | 2 | a | 3 | a | 4 | c | 5 | c |
| 6 | d | 7 | d | 8 | b | 9 | c | 10 | d |
| 11 | b | 12 | a | 13 | d | 14 | a | 15 | a |
| 16 | c | 17 | b | 18 | a | 19 | d | 20 | c |
| 21 | b | 22 | d | 23 | a | 24 | a | 25 | b |
| 26 | d | 27 | d | 28 | c | 29 | a | 30 | d |
| 31 | b | 32 | b | 33 | b | 34 | d | 35 | b |
| 36 | a | 37 | b | 38 | a | 39 | a | 40 | c |
| 41 | c | 42 | b | 43 | d | 44 | b | 45 | c |
| 46 | c | 47 | a | 48 | b | 49 | c | 50 | b |
| 51 | b | 52 | b | 53 | a | 54 | a | 55 | a |
| 56 | c | 57 | a | 58 | c | 59 | a | 60 | c |
| 61 | a | 62 | b | 63 | d | 64 | d | 65 | b |
| 66 | a | 67 | abc | 68 | bd | | | | |

## सहसंयोजी बन्ध

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | c | 2 | c | 3 | B | 4 | b | 5 | d |
| 6 | a | 7 | c | 8 | a | 9 | d | 10 | a |
| 11 | b | 12 | b | 13 | c | 14 | b | 15 | c |
| 16 | a | 17 | a | 18 | c | 19 | a | 20 | b |
| 21 | a | 22 | a | 23 | c | 24 | c | 25 | c |
| 26 | c | 27 | a | 28 | a | 29 | a | 30 | d |
| 31 | b | 32 | a | 33 | d | 34 | a | 35 | d |
| 36 | b | 37 | d | 38 | c | 39 | d | 40 | c |
| 41 | b | 42 | b | 43 | b | 44 | b | 45 | b |
| 46 | d | 47 | d | 48 | b | 49 | a | 50 | a |
| 51 | b | 52 | d | 53 | c | 54 | d | 55 | d |
| 56 | d | 57 | a | 58 | a | 59 | d | 60 | a |
| 61 | c | 62 | a | 63 | b | 64 | b | 65 | b |
| 66 | b | 67 | b | 68 | d | 69 | b | 70 | c |
| 71 | c | 72 | c | 73 | cd | 74 | ad | 75 | ab |
| 76 | a | | | | | | | | |

## उपसहसंयोजक बन्ध

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | d | 2 | b | 3 | c | 4 | d | 5 | c |
| 6 | b | 7 | a | 8 | d | 9 | a | 10 | d |
| 11 | c | 12 | a | 13 | a | 14 | b | 15 | c |

## द्विध्रुव आघूर्ण

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | b | 2 | d | 3 | d | 4 | a | 5 | c |
| 6 | c | 7 | a | 8 | a | 9 | c | 10 | b |
| 11 | b | 12 | d | 13 | b | 14 | c | 15 | d |
| 16 | c | 17 | c | 18 | a | 19 | c | 20 | b |
| 21 | d | 22 | b | 23 | b | 24 | b | 25 | a |
| 26 | b | 27 | b | 28 | b | 29 | c | 30 | a |
| 31 | a | 32 | c | 33 | a | 34 | bd | 35 | a |

## ध्रुवणता और फजान का नियम

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | d | 2 | c | 3 | b | 4 | d | 5 | c |
| 6 | a | 7 | b | 8 | a | 9 | c | 10 | b |
| 11 | d | 12 | c | 13 | b | 14 | b | 15 | d |
| 16 | d | 17 | c | 18 | b | 19 | a | 20 | d |
| 21 | a | 22 | c | 23 | d | 24 | a | 25 | b |
| 26 | b | | | | | | | | |

## अतिव्यापन, $\sigma$ और $\pi$- बन्ध

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | c | 2 | c | 3 | b | 4 | b | 5 | c |
| 6 | c | 7 | c | 8 | b | 9 | d | 10 | c |
| 11 | b | 12 | c | 13 | a | 14 | a | 15 | d |
| 16 | a | 17 | d | 18 | c | 19 | d | 20 | d |

## संकरण

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | d | 2 | d | 3 | d | 4 | c | 5 | d |
| 6 | a | 7 | c | 8 | b | 9 | d | 10 | d |
| 11 | d | 12 | a | 13 | a | 14 | b | 15 | a |
| 16 | b | 17 | c | 18 | a | 19 | d | 20 | b |
| 21 | c | 22 | c | 23 | a | 24 | c | 25 | a |
| 26 | a | 27 | b | 28 | c | 29 | b | 30 | a |
| 31 | d | 32 | a | 33 | d | 34 | c | 35 | c |
| 36 | b | 37 | b | 38 | c | 39 | b | 40 | b |
| 41 | d | 42 | b | 43 | c | 44 | a | 45 | c |
| 46 | c | 47 | d | 48 | b | 49 | c | 50 | a |
| 51 | b | 52 | a | 53 | c | 54 | c | 55 | c |
| 56 | d | 57 | b | 58 | a | 59 | b | 60 | c |
| 61 | b | 62 | c | 63 | b | 64 | b | 65 | b |
| 66 | a | 67 | c | 68 | b | 69 | c | 70 | a |
| 71 | a | 72 | a | 73 | b | 74 | b | 75 | d |
| 76 | d | 77 | c | 78 | a | 79 | d | 80 | b |
| 81 | c | 82 | b | 83 | d | 84 | a | 85 | d |
| 86 | b | 87 | d | 88 | c | 89 | a | 90 | c |
| 91 | c | 92 | c | 93 | a | 94 | b | 95 | c |
| 96 | a | 97 | b | 98 | b | 99 | b | 100 | b |
| 101 | a | 102 | b | 103 | d | 104 | a | 105 | b |
| 106 | a | 107 | a | 108 | b | 109 | b | 110 | a |
| 111 | a | 112 | b | 113 | b | 114 | d | 115 | d |
| 116 | c | 117 | c | 118 | b | 119 | c | 120 | a |
| 121 | a | 122 | c | 123 | a | 124 | a | 125 | b |
| 126 | c | 127 | d | 128 | c | 129 | c | 130 | a |
| 131 | b | 132 | b | 133 | e | 134 | c | 135 | d |
| 136 | b | 137 | b | 138 | d | 139 | a | 140 | a |
| 141 | a | 142 | b | 143 | a | 144 | a | 145 | a |
| 146 | b | 147 | c | 148 | d | 149 | bcd | 150 | a |
| 151 | ac | 152 | a | | | | | | |

## अनुनाद

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | d | 2 | b | 3 | b | 4 | b | 5 | b |
| 6 | c | 7 | a | 8 | c | 9 | b | 10 | c |
| 11 | abcd | | | | | | | | |

## VSEPR सिद्धान्त

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | a | 2 | a | 3 | b | 4 | c | 5 | c |
| 6 | b | 7 | b | 8 | c | 9 | b | 10 | a |
| 11 | c | 12 | a | 13 | a | 14 | a | 15 | c |
| 16 | c | 17 | b | 18 | d | 19 | d | 20 | a |
| 21 | a | 22 | d | 23 | b | 24 | d | 25 | a |
| 26 | c | 27 | b | 28 | b | 29 | a | 30 | a |
| 31 | a | 32 | c | 33 | c | 34 | a | 35 | c |
| 36 | b | 37 | b | 38 | d | 39 | d | 40 | b |
| 41 | c | 42 | a | 43 | b | 44 | c | 45 | d |

## आण्विक कक्षक सिद्धान्त

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | a | 2 | c | 3 | b | 4 | b | 5 | c |
| 6 | d | 7 | c | 8 | b | 9 | c | 10 | b |
| 11 | c | 12 | b | 13 | c | 14 | a | 15 | c |
| 16 | c | 17 | d | 18 | b | 19 | c | 20 | c |
| 21 | d | 22 | c | 23 | b | 24 | c | 25 | a |
| 26 | d | 27 | b | 28 | b | 29 | a | 30 | c |
| 31 | c | 32 | a | 33 | c | 34 | a | 35 | c |
| 36 | d | 37 | b | 38 | a | 39 | a | 40 | c |
| 41 | c | 42 | a | 43 | b | 44 | a | 45 | a |
| 46 | c | 47 | b | 48 | c | 49 | c | 50 | a |
| 51 | c | 52 | b | 53 | a | 54 | a | 55 | a |
| 56 | c | 57 | c | 58 | c | 59 | a | 60 | a |
| 61 | a | 62 | b | 63 | a | 64 | c | 65 | a |
| 66 | c | 67 | a | 68 | a | 69 | c | 70 | a |
| 71 | b | 72 | b | 73 | d | 74 | c | 75 | a |
| 76 | b | 77 | b | 78 | a | 79 | c | 80 | a |
| 81 | c | 82 | a | 83 | c | 84 | d | | |

## हाइड्रोजन बन्ध

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | d | 2 | b | 3 | b | 4 | a | 5 | c |
| 6 | d | 7 | b | 8 | d | 9 | c | 10 | c |
| 11 | d | 12 | b | 13 | a | 14 | b | 15 | d |
| 16 | d | 17 | b | 18 | d | 19 | c | 20 | c |
| 21 | a | 22 | a | 23 | d | 24 | a | 25 | c |
| 26 | a | 27 | b | 28 | c | 29 | a | 30 | c |
| 31 | a | 32 | b | 33 | d | 34 | a | 35 | a |
| 36 | a | 37 | a | 38 | b | 39 | d | 40 | c |
| 41 | a | 42 | c | 43 | b | 44 | c | 45 | c |
| 46 | b | 47 | d | 48 | b | 49 | d | 50 | d |

## ठोसों में बन्धन और बल के प्रकार

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | b | 2 | d | 3 | c | 4 | c | 5 | d |
| 6 | d | 7 | d | 8 | b | 9 | b | 10 | c |
| 11 | d | 12 | a | 13 | d | 14 | c | 15 | a |
| 16 | b | 17 | d | 18 | a | 19 | d | 20 | c |
| 21 | d | 22 | d | 23 | a | 24 | d | | |

## Critical Thinking Questions

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | d | 2 | c | 3 | c | 4 | b | 5 | a |
| 6 | a | 7 | b | 8 | a | 9 | a | 10 | d |
| 11 | a | 12 | c | 13 | d | 14 | d | 15 | b |
| 16 | c | 17 | b | 18 | d | 19 | c | 20 | a |
| 21 | a | 22 | d | 23 | a | 24 | d | 25 | c |
| 26 | c | 27 | c | 28 | c | 29 | a | | |

## Assertion & Reason

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | a | 2 | a | 3 | a | 4 | a | 5 | c |
| 6 | b | 7 | b | 8 | e | 9 | c | 10 | a |
| 11 | b | 12 | d | 13 | a | 14 | e | 15 | c |
| 16 | c | 17 | c | 18 | b | 19 | a | 20 | c |
| 21 | b | 22 | e | 23 | d | 24 | d | 25 | a |
| 26 | a | | | | | | | | |

# Answers and Solutions

## वैद्युत संयोजी बन्ध

1. (b) *NaCl* एक आयनिक क्रिस्टल है इसलिये यह $Na^+$ और $Cl^-$ आयनों द्वारा बनता है।
2. (a) बन्ध निर्माण हमेशा ऊष्माक्षेपी होता है। सोडियम के यौगिक आयनिक होते हैं।
3. (a) 'फजान' के नियमानुसार आयनिक गुण कम होता है।
4. (c) *L, Q, P* और *R* की संयोजकताएँ क्रमशः $-2, -1, +1$ और $+2$ है। इसलिये ये $P_2L, RL, PQ$ और $RQ_2$ का निर्माण करेंगें।
5. (c) पिघली हुई अवस्था में अथवा द्रव अवस्था में विद्युत संयोजी यौगिक ऊष्मा और विद्युत के सुचालक होते हैं।
7. (d) विद्युत संयोजी बन्ध का निर्माण, धनआयन की आयनन ऊर्जा, ऋणआयन की इलेक्ट्रॉन बन्धुता और जालक ऊर्जा पर निर्भर करता है।
8. (b) क्योंकि $CsF$ एक विद्युत संयोजी यौगिक है
9. (c) विद्युत संयोजी बन्ध द्वारा $NaCl$ का निर्माण होता है।
10. (d) 'MO' सूत्र द्वारा धातु की संयोजकता + 2 है। इसलिये इसका फॉस्फेट $M_3(PO_4)_2$ होना चाहिये। क्योंकि $[PO_4]$ की संयोजकता $-3$ है।
11. (b) *Li, Na, K* क्षार धातुएँ है इनकी आयनन ऊर्जा कम होती है और इनकी बाहरी कक्षा से एक इलेक्ट्रॉन निकल जाता है इसलिये ये आसानी से धनआयन बनाती हैं।
12. (a) विद्युत संयोजी यौगिकों के गलनांक एवं क्वथनांक उच्च होते हैं क्योंकि आयनों के बीच में आकर्षण का स्थिर विद्युत बल प्रबल होता है।
13. (d) जालक ऊर्जा का मान दोनों आयनों पर उपस्थित आवेशों और उनके बीच की दूरी पर निर्भर करता है। यह उच्च तब होगा जब आवेश उच्च हो और आयनिक त्रिज्या कम हो।
14. (a) *Cs* अधिक विद्युत धनात्मक है।
15. (a) '*X*' इलेक्ट्रॉन त्यागता है, और '*Y*' ग्रहण करता है।
16. (c) $NaCl$ का निर्माण $Na^+_{\text{आयन}}$ और $Cl^-_{\text{आयन}}$ द्वारा होता है।
17. (b) $MgCl_2$ में विद्युत संयोजी बन्धन होता है, क्योंकि मैग्नीशियम, विद्युत धनात्मक धातु है, जबकि क्लोरीन विद्युत ऋणात्मक है।
18. (a) प्रबल कूलॉम्बी बलों के आकर्षण के कारण विद्युत संयोजी यौगिकों के गलनांक एवं क्वथनांक सामान्यतः उच्च होते हैं।
19. (d) जल एक ध्रुवीय विलायक है इसलिये यह विलायकन के कारण क्रिस्टल जालक में अन्तर आयनिक आकर्षण को कम कर देता है।
20. (c) एक तत्व '*C*' है जिसका इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $1s^2, 2s^2 2p^5$ है। इसे अपना अष्टक पूर्ण करने के लिये केवल एक इलेक्ट्रॉन की आवश्यकता होती है। यह $e^-$ ग्रहण करके ऋणआयन बनाता है। इसलिये यह विद्युत संयोजी बन्ध बनायेगा।
21. (b) चूँकि धातु का क्लोराइड $MCl_2$ है इसलिये धातु '*M* द्विसंयोजी होनी चाहिये अर्थात $M^{2+}$, परिणामस्वरुप इसके फॉस्फेट का सूत्र निम्न है – $M_3(PO_4)_2$
22. (d) $MPO_4$ में *M* की ऑक्सीकरण अवस्था +3 है, इसलिये नाइट्रेट का फॉर्मूला $M(NO_3)_3$ है।
23. (a) आयनों का निर्माण इलेक्ट्रॉनों को त्यागनें अथवा ग्रहण करने से होता है। धनायन बनाने के लिये संयोजी कक्ष से इलेक्ट्रॉन त्यागते हैं। इसलिये *Zn* से $Zn^{++}$ आयन बननें मे संयोजी इलेक्ट्रॉनों में कमी आती है।
24. (a) $M_3(PO_4)_2$ का अर्थ है कि द्विसंयोजी धातु है, इसलिये इसका सल्फेट सूत्र $MSO_4$ होगा।
25. (b) धातु '*M*' के क्लोराइड का अणुसूत्र $MCl_3$ है अर्थात यह त्रिसंयोजी धातु है। इसलिये इसके कार्बोनेट का सूत्र $M_2(CO_3)_3$ होगा।
26. (d) सोडियम क्लोराइड एक विद्युत संयोजी यौगिक है। इसलिये यह जल में घुल जाता है जो कि एक ध्रुवीय विलायक है।
27. (d) जब सोडियम क्लोराइड को जल में घोला जाता है, तब सोडियम आयन जलयोजित हो जाते हैं।
30. (d) एक धातु (*M*) के सल्फेट का सूत्र $M_2(SO_4)_3$ है, यह $M^{3+}$ धातु आयन है इसलिये इसके फॉस्फेट का सूत्र $MPO_4$ होना चाहिये।
32. (b) स्वतन्त्र आयनों की उपस्थिति के कारण गलित सोडियम क्लोराइड विद्युत का चालक है।
33. (b) एक धातु का फॉस्फेट जिसका सूत्र $MHPO_4$ है। जिसका अर्थ है कि धातु द्विसंयोजी है इसलिये इसके क्लोराइड $MCl_2$ होने चाहिये।
35. (b) *Cs* उच्च विद्युत धनात्मक है जबकि '*F* उच्च विद्युत ऋणात्मक है इसलिये ये आयनिक बन्ध बनायेगें।
37. (b) '*Na*' उच्च विद्युत धनात्मक है जबकि '*Cl* उच्च विद्युत ऋणात्मक है इसलिये ये आयनिक बन्ध का निर्माण करेगें।
38. (a) आयनिक यौगिक विद्युत और ऊष्मा के सुचालक होते हैं इसलिये ये अच्छे विद्युत अपघट्य हैं।
39. (a) निम्न आयनन ऊर्जा के कारण धातुओं में इलेक्ट्रॉन त्यागने की प्रवृति होती है।
40. (c) कैल्शियम पायरोफॉस्फेट का सूत्र $Ca_2P_2O_7$ है, अर्थात पायरोफॉस्फेट मूलक की संयोजकता $-4$ है। इसलिये $Fe_4(P_2O_7)_3$, फेरिक पायरोफॉस्फेट का सूत्र होगा।
41. (c) $M-X$ बन्ध एक प्रबल बन्ध है। इसलिये $Na-Cl$ के बीच प्रबल बन्ध होगा।
42. (b) विलेयता का क्रम निम्न है – $BeF_2 > MgF_2 > CaF_2 > SrF_2$ इसलिये $SrF_2$ सबसे कम विलेय है
43. (d) *NaF* का गलनांक सबसे अधिक है, सोडियम हैलाइडों के गलनांक, हैलाइडों का आकार बढने के साथ घटते हैं क्योंकि उनकी बन्ध ऊर्जा कम प्राप्त होती है।
44. (b) सल्फेनिलिक अम्लों की द्विध्रुवीय संरचना होती है इसलिये इनके गलनांक उच्च होते हैं और कार्बनिक विलायकों में ये अघुलनशील होते हैं।

**45.** (c) $CaCl_2$ में विद्युत संयोजी बन्ध होगा क्योंकि कैल्शियम विद्युत धनात्मक धातु है जबकि क्लोरीन विद्युत ऋणात्मक है इसलिये ये संयुक्त होकर विद्युत संयोजी बन्ध बनायेगें।

**47.** (a) एक परमाणु द्वारा इलेक्ट्रॉन त्यागने और दूसरे परमाणु द्वारा इलेक्ट्रॉन ग्रहण करने से विद्युत संयोजी बन्ध का निर्माण होता है अर्थात यह एक रेडॉक्स अभिक्रिया है।

**48.** (b) विद्युत संयोजी यौगिक ध्रुवीय प्रकृति के होते हैं क्योंकि ये आयनों द्वारा बनते हैं।

**50.** (b) $CsCl$ में आयनिक बन्ध होता है।

**51.** (b) जैसे ही ऋणविद्युतता बढ़ती है, आयनिक बन्ध की शक्ति बढ़ती है।

**52.** (b) यह '$X$' तत्व, द्वितीय समूह का तत्व है इसलिये इसका क्लोराइड $XCl_2$ होगा।

**53.** (a) जब ऋणविद्युतता में अन्तर 1.7 से 3.0 होता है तब बन्ध को आयनिक बन्ध कहते हैं।

**54.** (a) एथिल क्लोराइड एक कार्बनिक यौगिक है इसलिये यह सहसंयोजी होगा।

**55.** (a) लीथियम ऑक्साइड और कैल्शियम फ्लोराइड आयनिक गुण दर्शाते हैं।

**57.** (a) सामान्यतः धनायन और ऋणायन आयनिक बन्ध का निर्माण करते हैं।

**58.** (c) वे परमाणु जिन पर $+ve$ या $-ve$ आवेश होता है उन्हे 'आयन' कहते हैं।

**59.** (a) सामान्यतः अन्य यौगिकों की तुलना में $Br$-$F$ में ऋणविद्युतता अन्तर सबसे अधिक है।

**61.** (a) अधिक ऋणविद्युतता अन्तर के कारण

**62.** (b) $Co^{3+} = 3d^6 4s^0$, 3d: [⇅][↑][↑][↑][↑] 4s: [ ]

$Ni^{4+} = 3d^6 4s^0$, [⇅][↑][↑][↑][↑] 4s: [ ]

**64.** (d) $BaCl_2$ में उच्च आयनिक गुण होता है।

**66.** (a) विद्युत अपघट्य वे यौगिक होते हैं जो जल में घोलने पर अपने आयनों में विखण्डित हो जाते हैं, इसलिये इनमें विद्युत संयोजी बन्ध होते हैं।

**67.** (abc) $CaH_2, BaH_2, SrH_2$ आयनिक हाइड्राइड हैं।

**68.** (bcd) सामान्यतः $MgCl_2, SrCl_2, BaCl_2$ आयनिक यौगिक हैं। इसलिये ये संगलित अवस्था में विद्युत के सुचालक हैं।

## सहसंयोजी बन्ध

**2.** (c) $N_2$ अणु में प्रत्येक नाइट्रोजन परमाणु के $3e^-$ भाग लेते हैं इसलिये कुल इलेक्ट्रॉनों की संख्या = 6

**3.** (b) अधातुएँ, इलेक्ट्रॉनों के साझे द्वारा शीघ्र ही द्विपरमाण्विक अणु बनाती हैं, तत्व $M(1s^2 2s^2 2p^5)$ जिसके कक्ष में सात इलेक्ट्रॉन हैं इसे अष्टक पूर्ण करने के लिये एक इलेक्ट्रॉन की आवश्यकता है। इसलिये दो परमाणु एक–एक इलेक्ट्रॉन का साझा करके द्वि–परमाण्विक अणु $(M_2)$ बनाते हैं।

$$:\ddot{\underset{..}{M}}\cdot + \cdot\ddot{\underset{..}{M}}: \rightarrow :\ddot{\underset{..}{M}}:\ddot{\underset{..}{M}}:$$

**5.** (d) सहसंयोजी गुण धनायन और ऋणायन के आकार पर निर्भर करता है।

**6.** (a) ग्रेफाइट में सभी कार्बन परमाणु $sp^2$- संकरित होते हैं और सहसंयोजी बन्ध होता है।

**7.** (c) सिलिका की प्रवृति, कार्बन के समान लम्बी श्रृंखला वाली सहसंयोजक संरचनाएँ बनाने की होती है इसलिये इसकी संरचनाएँ दैत्याकार (बड़ी) होती हैं।

**8.** (a) सभी की रेखीय संरचना होती है –

$O = C = O,\ Cl - Hg - Cl,\ HC \equiv CH$

**9.** (d) समान परमाणु सहसंयोजक बन्ध बनाते हैं।

**10.** (a) जब दो परमाणुओं की ऋणविद्युतताओं का अन्तर 1.7 के बराबर या 1.7 से कम होता है तब, सहसंयोजक बन्ध का निर्माण होता है।

**11.** (b) समान परमाणु सहसंयोजक बन्ध बनाते हैं।

**12.** (b) जल एक ध्रुवीय विलायक है जबकि सहसंयोजी यौगिक अध्रुवीय होते हैं। इसलिये ये प्रायः जल में अघुलनशील होते हैं।

**13.** (c) $BCl_3$ इलेक्ट्रॉन न्यून यौगिक है क्योंकि बन्ध बनाने के पश्चात् इसके पास केवल 6 इलेक्ट्रॉन होते हैं।

**14.** (b) $s$–कक्षक में दो इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति तथा छोटे आकार के कारण '$Be$' सहसंयोजी यौगिक बनाता है।

**18.** (c) $H_2O$ का निर्माण सहसंयोजक बन्ध द्वारा होगा।

**21.** (a) सहसंयोजक बन्ध से दो समान परमाणु जुडते हैं इसलिये $H_2$ अणु सहसंयोजक होगा।

**23.** (c) एक तत्व '$X$' है जिसका परमाणु क्रमांक 7 है। इसलिये इसका इलेक्ट्रॉनिक विन्यास 2, 5 होगा। अतः इसकी इलेक्ट्रॉन डॉट संरचना होगी $:\dot{\underset{\cdot}{X}}\cdot$

**24.** (c) $C$-$S$ बन्ध अधिक सहसंयोजी होगा। सहसंयोजी गुण धनआयन और ऋणआयन के आकार पर निर्भर करता है।

**25.** (c) $HCl$ में आयनिक गुण होता है जबकि यह सहसंयोजी यौगिक है क्योंकि क्लोरीन की ऋणविद्युतता हाइड्रोजन से अधिक होती है।

**26.** (c) ध्रुवण शक्ति का क्रम – $Be^{++} > Li^+ > Na^+$

सहसंयोजी गुणों का क्रम – $BeCl_2 > LiCl > NaCl$

**31.** (b) माना कि $H_3PO_4$ मे फॉस्फोरस की संयोजकता '$x$' है तब $3 + x - 8 = 0, x - 5 = 0,\ x = 5$.

**33.** (d) $(+1) + x + 3(-2) = 0 \Rightarrow 1 + x - 6 = 0 \Rightarrow x = 6 - 1 = 5$.

**34.** (a) $HCl$ अणु में सहसंयोजक बन्ध होता है।

**35.** (d) विद्युत संयोजी यौगिको में उच्च गलनांक और उच्च क्वथनांक होते हैं।

**36.** (b) $H_2$ की मध्य लम्बाई $= 74$ पीको मीटर

$H$ की लम्बाई $= \frac{74}{2} = 37$ पीको मीटर

$Cl_2$ की मध्य लम्बाई $= 198$ पीको मीटर

$Cl$ की लम्बाई $= \frac{198}{2} = 99$ पीको मीटर

$HCl$ की बन्ध लम्बाई = $H$ की लम्बाई + $Cl$ की लम्बाई

= 37 + 99 = 136 पीको मीटर

**37.** (d) एक यौगिक में 254 ग्राम, $I_2$ अर्थात $I_2$ का एक मोल =127 ग्राम

$\therefore \frac{254}{127} = 2$ मोल

जबकि 80 ग्राम $O_2$ का अर्थ है $\frac{80}{16} = 5$ मोल इसलिये ये $I_2O_5$ यौगिक बनायेगें।

**38.** (c) $NH_4Cl$ में आयनिक और सहसंयोजी बन्ध होता है।

$$\left[\begin{array}{c} H \\ | \\ H-N \rightarrow H^+ \\ | \\ H \end{array}\right] Cl^-$$

**39.** (d) समूह में ऊपर से नीचे जाने पर सहसंयोजी गुण में वृद्धि होती है। इसलिये $CaI_2$ में सबसे अधिक सहसंयोजी गुण होगा।

**41.** (b) जल के अणु में तीनों परमाणु सहसंयोजक बन्ध द्वारा जुड़े रहते हैं। इसकी संरचना निम्न है –




**42.** (b) $:N \equiv N^+ - \ddot{O}:^-$ अथवा $N \equiv N \rightarrow O.$

**44.** (b) $Na(Z=11)$ का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास $1s^2, 2s^2 2p^6, 3s^1$ है। $Na$ का ऑक्साइड $Na_2O$ है।

**45.** (b) सहसंयोजी बन्ध दैशिक प्रकृति के होते हैं।

**47.** (d) बन्ध वियोजन ऊर्जा, आकार बढ़ने के साथ घटती है। इसलिये '$D$' सबसे छोटा है।

**48.** (b) '$X$' अणु नाइट्रोजन है क्योंकि नाइट्रोजन अणु में त्रिबन्ध होता है। इसका इलेक्ट्रोनिक विन्यास $1s^2, 2s^2 2p^3$ होगा।

**49.** (a) $PCl_5$ अष्टक नियम का पालन नहीं करता। इसके संयोजी कक्ष में 10 इलेक्ट्रॉन होते हैं।

**50.** (a) क्रिस – क्रॉस नियम के अनुसार $A_2B_3$ यौगिक होगा।

**51.** (b) त्रिबन्ध के निर्माण में प्रत्येक नाइट्रोजन के तीन इलेक्ट्रॉन भाग लेते हैं।

**52.** (d) यूरिया विलयन में विद्युत का चालन नहीं होता है क्योंकि यह एक सहसंयोजी यौगिक है।

**54.** (d) छोटा आकार और उच्च आयनन ऊर्जा के कारण बोरॉन सहसंयोजी यौगिक बनाता है।

**58.** (a) $BF_3$ में 6 इलेक्ट्रॉन होते हैं इसलिये यह लुईस अम्ल है।

**59.** (d) दी गई प्रजातियों में से $C-O$ की बन्ध वियोजन ऊर्जा सबसे कम होती है। $CO_3^{2-}$ आयनन का बन्धक्रम सबसे कम 1.33 होता है, इसलिये बन्ध दुर्बल होगा।

**60.** (a) माना कि $Na_2S_2O_3$ की संयोजकता '$x$' है तब

$2 + 2x + (-6) = 0$, $2x - 4 = 0$, $x = 2$.

**61.** (c) $H-O-\underset{\underset{O}{\|}}{\overset{\overset{O}{\|}}{S}}-O-O-\underset{\underset{O}{\|}}{\overset{\overset{O}{\|}}{S}}-O-H$ (मार्शल अम्ल)

**62.** (a) दिये गये विकल्पों में '$Al$' सबसे कम विद्युतधनात्मक है। इसलिये $Al$ और $Cl$ के बीच सबसे कम आयनिक अथवा सबसे अधिक सहसंयोजी अथवा दो परमाणुओं की ऋणविद्युताओं में अन्तर 1.8 से कम होगा।

**63.** (b) सल्फर का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास

${}_{16}S^{32} = 1s^2, 2s^2, 2p^6, 3s^2, 3p^4$ है।

इसकी बाहरी कक्ष मे केवल 6 इलेक्ट्रॉन होते हैं, इसलिये इसे अष्टक पूर्ण करने के लिये 2 इलेक्ट्रॉनों की आवश्यकता होती है, अर्थात यह दो हाइड्रोजन परमाणुओं के साथ दो इलेक्ट्रॉनों का साझा करके, दो सहसंयोजक बन्ध बनाता है।

**64.** (b) $VI$ समूह के हाइड्राइडों की अम्लीयता ऊपर से नीचे आने पर बढ़ती है। क्योंकि $X-H$ की बन्ध शक्ति ऊपर से नीचे की ओर घटती है।

$H_2O < H_2S < H_2Se < H_2Te$

**65.** (b) हम जानते हैं कि $Al^{3+}$, $Na^+$ से छोटा होता है, क्योंकि नाभिकीय आवेश अधिक होता है। फजान नियम के अनुसार छोटा धनायन, ऋणआयन को अधिक ध्रुवित करता है। चूंकि $Cl^-$ आयन को $Al^{3+}$ आयन बहुत अधिक मात्रा में ध्रुवित करता है। इसलिये $AlCl_3$ में $Cl$ और $Al$ परमाणुओं के बीच सहसंयोजी बन्ध होता है।

**66.** (b) कार्बन के बाद सल्फर में सबसे अधिक श्रृंखलन गुण होता है। इसके अणु में आठ परमाणु आपस में जुड़े रहते हैं। (अर्थात $S_8$)

**67.** (b) $H_2O_2$ में खुली किताब संरचना होती है।




**69.** (b) नाइट्रोजन का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास निम्न है –

${}_7N = 1s^2, 2s^2, 2p^3$

इसके संयोजी कक्ष में 5 इलेक्ट्रॉन होते हैं, इसलिये अमोनिया अणु में यह तीन हाइड्रोजन परमाणुओं के साथ तीन इलेक्ट्रॉन साझा करके अपना अष्टक पूर्ण करती है, इसलिये अमोनिया अणु के संयोजी कक्ष में 8 इलेक्ट्रॉन होते हैं।




**71.** (c) बहुबन्धों की बन्धन ऊर्जा अधिक होती है इसलिये $C \equiv N$ शक्तिशाली होगा।

**72.** (c) हीरा, सिलिकॉन, क्वार्ट्ज अणु सहसंयोजक बन्ध द्वारा बन्धे रहते हैं।

**73.** (cd) $C_2H_4$ और $N_2$ में बहुबन्ध होता है।

**74.** (ad) साझे के पश्चात $CO$ के बाहरी कक्ष मे 6 इलेक्ट्रॉन हैं जबकि $PCl_5$ में 10 इलेक्ट्रॉन हैं, इसलिये दोनों ही अष्टक नियम का पालन नहीं करते हैं।

**76.** (a) इनमें से $NaH$ और $CaH_2$ आयनिक हाइड्राइड हैं और $B_2H_6$ तथा $NH_3$ सहसंयोजी हाइड्राइड हैं।

## उपसहसंयोजक बन्ध

1. (d)




2. (b) $H_2SO_4$ में उपसहसंयोजक बन्ध होता है।

$$H-O-\underset{\downarrow \atop O}{\overset{O \atop \uparrow}{S}}-O-H$$

3. (c) $NH_3$ में एकांकी इलेक्ट्रॉन युग्म होता है जबकि $BF_3$ इलेक्ट्रॉन न्यून यौगिक है, इसलिये ये उपसहसंयोजक बन्ध बनाता है। $NF_3 \rightarrow BF_3$

4. (d) $HNO_2$ में उपसहसंयोजक बन्ध नहीं होता है इसकी संरचना निम्न है $H-O-N=O$.

7. (a) $N_2O_5$ की सरंचना है– $O=\underset{\downarrow \atop O}{N}-O-\underset{\downarrow \atop O}{N}=O$.

9. (a) $SO_3^{2-}$ में एक उपसहसंयोजक बन्ध होता है। $^-O-\underset{\downarrow \atop O}{S}-O^-$

10. (d) उपसहसंयोजक बन्ध, सहसंयोजक बन्ध का एक विशेष प्रकार है जो दो परमाणुओं के बीच इलेक्ट्रॉनों के साझे द्वारा बनता है। जहाँ साझित युग्म के दोनों इलेक्ट्रॉन एक परमाणु द्वारा प्राप्त होते हैं। चूँकि साझे का यह प्रकार $O_3$, $SO_3$ एवं $H_2SO_4$ में उत्पन्न होता है, इसलिये ये सभी उपसहसंयोजी बन्ध युक्त होते हैं।

12. (a) $CH_3N\equiv C$ में दाता बन्ध होता है।

13. (a) $H_3PO_4$ एक ऑर्थोफॉस्फोरिक अम्ल है।

$$H-O-\underset{| \atop {O \atop {| \atop H}}}{\overset{O \atop \uparrow}{P}}-O-H$$

15. (c) सल्फ्यूरिक अम्ल में सहसंयोजक और उप सहसंयोजक बन्ध होता है।

## द्विध्रुव आघूर्ण

1. (b) $CO_2$ एक सममित अणु है इसलिये इसका द्विध्रुव आघूर्ण शून्य होता है।

2. (d) ये सभी शून्य द्विध्रुव आघूर्ण रखते हैं।

3. (d) $H-F$ का द्विध्रुव आघूर्ण सबसे अधिक होता है, क्योंकि दोनों की ऋणविद्युतता में अन्तर अधिक होता है, इसलिये यह अधिक ध्रुवीय है।

5. (c) यह इसकी सममित संरचना के कारण होता है।

6. (c) क्लोरोफॉर्म में तीन क्लोरीन परमाणु और एक हाइड्रोजन परमाणु कार्बन से जुड़े रहते हैं, इसलिये यह ध्रुवित होता है। और यह द्विध्रुव आघूर्ण दर्शाता है।

8. (a) दो ध्रुवों का द्विध्रुव आघूर्ण, जिसका झुकाव कोण $\theta$ है इसे निम्न समीकरण द्वारा देते हैं –

$\mu=\sqrt{X^2+Y^2+2XY\cos\theta}$

$\cos 90°=0$ चूँकि कोण $90^o$ से $180^o$ बढ़ता है तब $\cos\theta$ मान अधिक हो जाता है, और $-ve$ भी होता है। अतः द्विध्रुव आघूर्ण अधिकतम होता है जब $\theta=90°$ होता है।

9. (c) विकृत चतुष्फलकीय ज्यामिति के कारण $SF_4$ में स्थायी द्विध्रुव आघूर्ण होता है।




10. (b) $CCl_4$ में कुल द्विध्रुव आघूर्ण नहीं होता है, क्योंकि इसकी नियमित चतुष्फलकीय ज्यामिती होती है।

12. (d) हाइड्रोजन और फ्लोरीन की ऋणविद्युतता में अन्तर के कारण $H-F$ ध्रुवीय होता है, इसलिये यह धनात्मक द्विध्रुव आघूर्ण दर्शाता है।

14. (c) $BCl_3$ का द्विध्रुव आघूर्ण शून्य होता है क्योंकि इसकी त्रिकोणीय समतलीय ज्यामिती होती है।

16. (c) $CH_3OH$ का द्विध्रुव आघूर्ण सबसे अधिक है।

20. (b) $CH_4$ की संरचना नियमित चतुष्फलकीय होती है इसलिये इसका द्विध्रुव आघूर्ण होता है।

22. (b) अमोनिया में कुछ द्विध्रुव आघूर्ण होता है।

23. (b) इलेक्ट्रॉन का आवेश $e^-=1.6\times10^{-19}$ कूलॉम्ब

$HBr$ का द्विध्रुव आघूर्ण $=1.6\times10^{-30}$

अन्तर परमाण्विक स्थान $=1\text{Å}=1\times10^{-10}m$

$HBr$ में आयनिक गुण का % $=\dfrac{HBr \text{ द्विध्रुव आघूर्ण}\times100}{\text{अन्तर नाभिकीय दूरी}\times q}$

$=\dfrac{1.6\times10^{-30}}{1.6\times10^{-19}\times10^{-10}}\times100$

$=10^{-30}\times10^{29}\times100=10^{-1}\times100$

$=0.1\times100=10\%$

25. (a) कार्बन टेट्राक्लोराइड का द्विध्रुव आघूर्ण शून्य होता है क्योंकि इसकी संरचना नियमित चतुष्फलकीय होती है।

27. (b) $BF_3$ का द्विध्रुव आघूर्ण शून्य होता है।

29. (c) दिया गया आयनिक आवेश $=4.8\times10^{-10}$ e.s.u. आयनिक दूरी $=1A°=10^{-8}cm$ हम जानते हैं कि –

= आयनिक आवेश × आयनिक दूरी

$=4.8\times10^{-10}\times10^{-8}$

$=4.8\times10^{-8}$ e.s.u. प्रति सेमी $=4.8$ डिबाई

**30.** (a) सहसंयोजक बन्ध द्वारा जुड़े हुए दो परमाणुओं की ऋणविद्युतता में अन्तर अधिक होता है तो ध्रुवणता अधिक होगी। $HCl$ में '$H$ और $Cl$ की ऋणविद्युतता में अंतर अधिक है इसलिये यह एक ध्रुवीय यौगिक होगा।

**31.** (a) रेखीय अणुओं का द्विध्रुव आघूर्ण शून्य होता है। $CO_2$ की रेखीय संरचना होती है इसलिये इसका द्विध्रुव आघूर्ण शून्य होता है। $O=C=O$

**32.** (c) $SF_6$ सममित और अध्रुवीय होता है क्योंकि इसका कुल द्विध्रुव आघूर्ण शून्य होता है।

**33.** (a) अणु में परमाणुओं की ऋणविद्युतता में अन्तर के कारण ध्रुवणता उत्पन्न होती है। हाइड्रोजन को छोड़कर सभी अणुओं में भिन्न परमाणु हैं इसलिये ये ध्रुवीय होंगे जबकि $H_2$ अध्रुवीय होगा।

**34.** (bd) सिस समावयवी द्विध्रुव आघूर्ण दर्शाता है जबकि ट्रांस का द्विध्रुव आघूर्ण शून्य या बहुत कम होता है। ट्रांस 1, 2 डाई क्लोरो 2–पेन्टीन असममितता के कारण द्विध्रुव आघूर्ण दर्शाता है।

**35.** (a) प्रतिशत आयनिक लक्षण $= \frac{\text{द्विध्रुव आघूर्ण का प्रायोगिक मान}}{\text{द्विध्रुव आघूर्ण का अनुमानित मान}}$

$$= \frac{1.03}{6.12} \times 100 = 16.83\% \approx 17\%$$

## ध्रुवणता और फजान का नियम

**1.** (d) $NF_3$ में नाइट्रोजन पर एकांकी इलेक्ट्रॉन युग्म की उपस्थिति के कारण इसकी संरचना पिरामिडीय होती है। जब कि $BF_3$ की संरचना समतलीय होती है।

**2.** (c) हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की ऋणविद्युतता में अन्तर के कारण जल ध्रुवीय अणु होता है।

**3.** (b) दो जुड़े हुये परमाणुओं के बीच जब ऋणविद्युतता का अन्तर अधिक होता है। तब सहसंयोजक बंध ध्रुवीय होता है और जो इलेक्ट्रॉन युग्म बन्ध बनाते हैं वे केन्द्र में नहीं रहते हैं।

**4.** (d) हैक्सेन की संरचना सममित होती है इसलिये यह ध्रुवित नहीं होता है।

**5.** (c) जब दो समरुप परमाणु बन्ध बनाते हैं तो बन्ध अध्रुवीय होता है।

**6.** (a) फजान नियम के अनुसार – ऋण आयन का ध्रुवीकरण धनायन के आकार तथा आवेश द्वारा प्रभावित होता है। यदि धनआयन पर आवेश अधिक होता है तो ऋणआयन का ध्रुवीकरण अधिक होगा।

**8.** (a) जब दो परमाणु इलेक्ट्रॉनो का साझा करते हैं, यह सहसंयोजक बन्ध का उदाहरण है। यह सहसंयोजक बन्ध ध्रुवीय या अध्रुवीय हो सकता है। यह ऋणविद्युतता अन्तर पर निर्भर करता है। दिये गये उदाहरण का सूत्र '$AB$ है इसलिये यह ध्रुवीय होगा।

**9.** (c) $Cl$ की उच्च ऋणविद्युतता के कारण $HCl$ अधिक ध्रुवीय होगा।

**10.** (b) $NH_3$ का केन्द्रीय परमाणु $sp^3$ संकरित होता है। इसलिये यह असमतलीय होता है।

**11.** (d) $p$-डाई क्लोरो बेंजीन का सबसे अधिक गलनांक होता है।

**13.** (b) $NH_4Cl$ में ध्रुवीय तथा अध्रुवीय दोनों प्रकार के बन्ध होते हैं।



**14.** (b) "फजान" के नियम के अनुसार – यदि धनायन का आवेश अधिक होता है तो इसकी ध्रुवण शक्ति भी अधिक होगी।

**15.** (d) "फजान" नियम के अनुसार $AlI_3$ (एल्यूमीनियम आयोडाइड) सहसंयोजी गुण दर्शाता है।

**16.** (d) जैसे ही ऋणआयन का आकार बढ़ता है ध्रुवीय गुण भी बढ़ता है।

**20.** (d) ऋणविद्युतता अन्तर के कारण।

**21.** (a) हम जानते हैं कि दो परमाणुओं की ऋणविद्युतता में अन्तर होने पर सहसंयोजक बन्ध बनता है इसकी ध्रुवीय प्रकृति भी अधिक होती है। $H-F$ में हाइड्रोजन ओर फ्लोरीन की ऋणविद्युतताओं में अंतर अधिक होता है इसलिये $H-F$ ध्रुवीय यौगिक होता है।

**22.** (c) सिलिकॉन टेट्रा फ्लोराइड में सममिती का केन्द्र होता है।

**23.** (d) $BF_3$ में शून्य द्विध्रुव आघूर्ण होता है।

**25.** (b) फजान नियम के अनुसार बडा धनायन और छोटा ऋणआयन मिलकर आयनिक बन्ध बनाते हैं।

**26.** (b) दो परमाणुओं अथवा अणुओं की ऋणविद्युतता में अंतर के कारण, ध्रुवीय गुण उत्पन्न होता है।

## अतिव्यापन, $\sigma$ और $\pi$ बन्ध

**1.** (c)



**2.** (c) फ्लोरीन अणु के निर्माण में $p$-$p$ कक्षक बन्ध निर्माण में भाग लेते हैं।

**3.** (b) असंकरित $p$-$p$ कक्षकों के पार्श्वीय अतिव्यापन से $\pi$- बन्ध का निर्माण होता है।

**4.** (b)



$1\sigma$ और $2\pi$

**5.** (c) द्विबन्ध में दो परमाणु जुडे रहते हैं तथा चार इलेक्ट्रॉनों का साझा करते हैं जैसे – $H_2C=CH_2$ में होता है।

**6.** (c) $C\equiv C$ एक बहुबन्ध है इसलिये यह प्रबल है।

**9.** (d) जैसे ही बन्ध क्रम बढ़ता है, $C-H$ बन्धन ऊर्जा भी बढ़ती है इसलिये ये एसीटिलीन में अधिकतम होगा क्योंकि इसका बन्धक्रम 3 है।

**11.** (b)



**16.** (a)



**17.** (d) हम जानते हैं कि ट्राईसिलिल एमीन $sp^2$ संकरित है। सिलिकॉन के रिक्त $d$-ऑर्बिटल की उपस्थिति के कारण $p\pi - d\pi$ बन्ध सम्भव है।

**18.** (c)



$2\sigma, 2\pi$ बन्ध और एक एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म।

19. (d) $:\ddot{O}=\ddot{S}=\ddot{O}:$ (with $\overset{\|}{\underset{..}{O}}:$ on S) 5 परमाणुओं की बाहरी कक्षा में 12 इलेक्ट्रॉन हैं। एक $(S-O)\pi$ बन्ध ($p-p$) $\pi$ बन्ध होगा जबकि दो $(S-O)\pi$ बन्ध ($p-d$) $\pi$ बन्ध होगें।

20. (d) $P_4O_{10}$ की संरचना है –




प्रत्येक फॉस्फोरस चार ऑक्सीजन परमाणुओं से जुडा है।

## संकरण

1. (d) $H_2O$ रेखीय अणु नहीं है क्योंकि $H_2O$ में ऑक्सीजन परमाणु $sp^3$ संकरित होता है।

2. (d)




4. (c) $CO_2$ में $sp$ –संकरण तथा रेखीय आकृति होती है।

5. (d) इलेक्ट्रॉन युग्मों की संख्या $=3+\frac{1}{2}[3-3]=0$

इलेक्ट्रॉन युग्मों की संख्या $=3+0$




केन्द्रीय परमाणु से जुडे हुए अणुओं की संख्या $=3$

3 – 3 से सम्बन्धित ज्यामिति त्रिकोणीय समतलीय है।

6. (a) $sp^3$ संकरण में प्रत्येक $sp^3$ संकरित कक्षक में (1/4) $s$-लक्षण होता है।

8. (b) एथिलीन में दोनों कार्बन परमाणु $sp^2$ संकरित होते हैं। इसलिये इसमें $120^o$ का कोण होगा।

9. (d) $sp^3d$ संकरित यौगिक की संरचना त्रिकोणीय द्विपिरामिडीय है।

10. (d) $H-C=\overset{O}{\overset{\|}{\underset{*}{C}}}-O-H$ में चिन्हित कार्बन की संयोजकता 5 है। और इसलिये यह सूत्र सही नहीं है।

11. (d) $dsp^3$ संकरित कक्षकों के बन्ध कोण $120^o, 90^o$ के होते हैं।

13. (a) $BeF_3^-$ में $Be$, $sp^3$ संकरित नहीं होता है। यह $sp^2$ संकरित होता है।

17. (c) $OF_2$ अणु में ऑक्सीजन $sp^3$ संकरित है।

18. (a) $sp^3$ संकरित कक्षक में $s$-लक्षण (1/4) या 25% होता है।

19. (d) $XeF_4$ अणु में '$Xe$' $sp^3d^2$ संकरित होता है और इसकी आकृति वर्ग समतलीय होती है।

20. (b) '$sp$' संकरण के लिये बन्धकोण सबसे अधिक होता है। क्योंकि दोनों $sp$ संकरित कक्षक $180^o$ के कोण पर स्थित होते हैं।

21. (c) $C_2H_4Br_2$ में सभी एकल बन्ध होते हैं, इसलिये $C-H$ बन्ध की दूरी सबसे अधिक होगी।

23. (a) मेथेन अणु में '$C$' $sp^3$ संकरित होता है, इसलिये इसकी आकृति चतुष्फलकीय होगी।

24. (c) $\overset{3}{C}H_2=\overset{2}{C}=\overset{1}{C}H_2$ यौगिक में द्वितीयक कार्बन '$sp$' संकरित होता है।

25. (a) $Cl_2$ अणु का सही इलेक्ट्रॉनिक सूत्र $:\ddot{\underset{..}{Cl}}\cdot\cdot\ddot{\underset{..}{Cl}}:$ है क्योंकि प्रत्येक क्लोरीन की बाहरी कक्षा में 7 इलेक्ट्रॉन होते हैं।

26. (a) $XeF_4$ में $sp^3d^2$ संकरण होता है। इसकी आकृति वर्ग समतलीय है।

27. (b) $HCHO$ में कार्बन $sp^2$ संकरित होता है।

$$H-\overset{H}{\overset{|}{\underset{sp^2}{C}}}=O$$

28. (c) त्रिक बन्ध के कारण एथाइन में कार्बन – कार्बन बन्ध दूरी सबसे कम होती है।

29. (b) $[Ag(NH_3)_2]^+$ संकुल में 'Ag', $sp$ संकरित होता है, क्योंकि यह एक रेखीय संकुल है।

30. (a) $CO_2$ की संरचना रेखीय $O=C=O$ होती है जबकि $H_2O$ की संरचना $H\diagup^{O}\diagdown H$ '$V$' आकृति की होती है अर्थात यह एक झुकी संरचना है। $CO_2$ में परिणामी द्विध्रुव आघूर्ण शून्य होता है जबकि $H_2O$ का कुछ मान होता है।

31. (d) $CO_2$, $sp^3$ संकरित नहीं होता है, यह $sp$ संकरित होता है।

32. (a) शुद्ध परमाणु कक्षकों की तुलना में, संकरित कक्षकों की ऊर्जा निम्न होती है।

33. (d) $\overset{sp^2}{C}H_2=\overset{sp}{C}=\overset{sp^2}{C}H-\overset{sp^3}{C}H_3$ 1, 2-ब्यूटा डाई इन।

36. (b) $CCl_4$, $sp^3$ संकरित होता है, इसलिये बन्ध कोण लगभग $109^o$ होगा।

40. (b) एथीन में कार्बन $sp^2$ संकरित होता है। इसलिये बन्धकोण $120^o$ का होगा।

44. (a) एसीटेट आयन $CH_3-C\begin{matrix}\diagup\!\!\!\!=O\\ \diagdown O^-\end{matrix}$ है। अर्थात इसमें $C-O$ एकल बन्ध तथा एक $C=O$ द्विबन्ध है।

46. (c) बेंजीन में सभी कार्बन $sp^2$ संकरित होते हैं और आकृति समतलीय होती है।

**47.** (d) मेथेन में कार्बन $sp^3$ संकरित होता है और बन्ध कोण $109^o$ का होता है।

**56.** (d)
$$\begin{matrix} & H & & H & & H & \\ & | & & | & & | & \\ H- & C & - & C & - & C & -H \\ & | & & | & & | & \\ & H & & H & & H & \end{matrix}$$

यहाँ इलेक्ट्रॉनों के दस जोडे सहभागित हैं।

**58.** (a) डाई बोरेन अणु में दो प्रकार के $B-H$ बन्ध होते हैं

(i) $B-H_t$ – यह एक सामान्य सहसंयोजक बन्ध हैं।

(ii) $B-H_b$ – यह एक त्रिकेन्द्रित बन्ध है।




**61.** (b) $PF_5$ में $sp^3d$ संकरण होता है और इसलिये इसकी त्रिकोणीय द्विपिरामिडीय संरचना होती है।

**62.** (c) $sp$ में $s$–लक्षण $=\frac{1}{2}\times 100=50\%$

$sp$ में $s$–लक्षण $=\frac{1}{3}\times 100=33.3\%$

$sp$ में $s$–लक्षण $=\frac{1}{4}\times 100=25\%$

अतः संकरण में $s$–लक्षण सबसे अधिक होता है।

**63.** (b) $PCl_5$ का अणु $sp^3d$ संकरित होता है। इसकी संरचना त्रिकोणीय द्विपिरामिडीय होती है।

**64.** (b) भिन्न ऊर्जा के अलग–अलग कक्षकों को मिश्रित करने पर नये कक्षक बनते हैं इस क्रिया को संकरण कहते हैं। इन नये बने कक्षकों को संकरित कक्षक कहते हैं। इनकी ऊर्जा समान होती है।

**65.** (b) $SO_3$ में, सल्फर $sp^2$ संकरित होता है इसलिये इसकी आकृति त्रिकोणीय समतलीय होती है।

**66.** (a) ये सभी त्रिकोणीय तथा $sp^2$ संकरित हैं।

**67.** (c) बन्ध लम्बाई बन्धक्रम पर निर्भर करती है। और बेंजीन में सभी $C-C$ बन्ध समान बन्धक्रम के होते हैं।

**68.** (b) $C_2H_2$ में प्रत्येक कार्बन परमाणु $sp$-संकरित होता है। $H-\underset{sp}{C}\equiv\underset{sp}{C}-H$

**70.** (a) $p$-लक्षण जैसे ही बढ़ता है, बन्धकोण का मान कम होता जाता है।

$sp$ में $p$-लक्षण $=\frac{1}{2}$, बन्ध कोण $=180^o$

$sp^2$ में $p$-लक्षण $=\frac{2}{3}$, बन्ध कोण $=120^o$

$sp^3$ में $p$-लक्षण $=\frac{3}{4}$, बन्ध कोण $=109^o$

**71.** (a) $sp^3$ संकरण को चतुष्फलकीय कहते हैं क्योंकि अणु को यह चतुष्फलकीय आकृति देता है।

**72.** (a) $SF_6$ में $S$-परमाणु $sp^3d^2$ संकरित होता है, इसलिये $SF_6$ की सरंचना अष्टफलकीय होगी।

**74.** (b) $H_2O_2$ की संरचना अध्रुवीय होती है, इसकी खुली किताब संरचना होती है।

**75.** (d) $N_2O$ की संरचना $CO_2$ के समान होती है। दोनो की संरचनाएँ रेखीय हैं।

**78.** (a) $SnCl_2$ 'V' आकृति का है।

**79.** (d) $NH_4^+$ में नाइट्रोजन $sp^3$ संकरित होता है, इसलिये चतुष्फलक के कॉर्नर पर 4–हाइड्रोजन स्थित होते हैं।

**81.** (c) बन्ध कोण का बढ़ता हुआ क्रम है – $\underset{109^\circ}{sp^3}<\underset{120^\circ}{sp^2}<\underset{180^\circ}{sp}$

**84.** (a) $NH_4^+$ में नाइट्रोजन $sp^3$ संकरित होता है, इसलिये इसकी आकृति चतुष्फलकीय होती है।

**86.** (b) निम्नलिखित क्रम में, संकरण परिवर्तित करने पर बन्ध कोण बढ़ता है – $sp^3<sp^2<sp$

**88.** (c) डाई बोरेन में बोरॉन $sp^3$ संकरण दर्शाता है।

**89.** (a) एल्कीन रेखीय संरचना नहीं दर्शाती है लेकिन $sp^2$– संकरण के कारण इसकी संरचना समतलीय होती है।

**90.** (c) सामान्यतः $SF_4$ में 10 इलेक्ट्रॉन होते हैं। चार बन्धी इलेक्ट्रॉन युग्म और एक एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म होता है। इसलिये यह $sp^3d$ संकरण दर्शाता है।

**92.** (c)

| परमाणु / आयन | संकरण |
|---|---|
| $NO_2^+$ | $sp$ |
| $SF_4$ | $sp^3d$ (एक एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म के साथ) |
| $PF_6^-$ | $sp^3d^2$ |

**93.** (a) $PF_3$ में तीन बन्धी इलेक्ट्रॉन युग्म और एक एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म होता है। इसलिये यह $sp^3$ संकरण दर्शाता है।

**94.** (b) $NO_2^+$ $sp$–संकरण दर्शाता है इसलिये इसकी आकृति रेखीय होती है।

**95.** (c) सामान्यः अष्टफलकीय यौगिक $sp^3d^2$ संकरण दर्शाते हैं।

**96.** (a) पाँचवे समूह के हाइड्राइड़ों के बन्ध कोण ऊपर से नीचे आने पर घटते हैं।

$NH_3>PH_3>AsH_3>SbH_3>BiH_3$.

**97.** (b) सामान्यतः $NH_4^+$, $sp^3$ संकरण दर्शाता है।

**98.** (b) हम जानते हैं कि $CO_2$ में कार्बन की बन्ध लम्बाई एकल बन्ध, द्विबन्ध और त्रिबन्ध के लिये क्रमशः निम्न है –

1.22 Å, 1.15 Å, 1.10Å

**99.** (b) यह $sp^2$–संकरण दर्शाता है इसलिये यह समतलीय है।

**101.** (a) हाइड्राइडों के बन्ध कोण समूह में ऊपर से नीचे आने पर घटते हैं।

**102.** (b) $NH_3$ में $N$ का संकरण $sp^3$ है। $[PtCl_4]^{2-}$ में $Pt$ का संकरण $dsp^2$ है। $PCl_5$ में $P$ का संकरण $-sp^3d$, $BCl_3$ में $B$ का सकंरण $-sp^2$

**103.** (d) $NH_4^+$ तथा $SO_4^{2-}$ दोनो चतुष्फलकीय संरचना और $sp^3$ संकरण दर्शाते हैं।

**104.** (a) यह $sp^3d^3$ संकरण दर्शाता है इसलिये इसका बन्धकोण लगभग $72^o$ है।

**107.** (a) बन्ध कोण में वृद्धि के साथ *s*-लक्षण बढ़ता है।

| संकरण | 's' लक्षण का % | कोण |
|---|---|---|
| $sp$ | 50 | $180^o$ |
| $sp^2$ | 33.3 | $120^o$ |
| $sp^3$ | 25 | $109.28^o$ |
| $sp^3d^1$ | 20 | $90^o$ और $120^o$ |

**108.** (b) $IF_7$ अणु $sp^3d^3$ संकरण दर्शाता है।

**110.** (a) $PCl_3$ में तीन बन्धी इलेक्ट्रॉन तथा एक एकाकी इलेक्ट्रॉन युग्म होता है। इसलिये यह $sp^3$ संकरण दर्शाता है।

**111.** (a) अमोनिया और $(BF_4)^{-1}$, $sp^3$ संकरण दर्शाते हैं।

**112.** (b) वर्ग समतलीय ज्यामिति के लिये $dsp^2$ संकरण होता है। इसमें $s, p_x, p_y$ और $d_{x^2-y^2}$ कक्षक भाग लेते हैं।

**113.** (b) बेंजीन के सभी कार्बन परमाणुओं में एकान्तर एकल व द्विबन्ध होते हैं और $sp^2$ संकरण दर्शाते हैं।

**116.** (c) $BCl_3$ अणु $sp^2$ संकरण और समतलीय संरचना दर्शाता है।

**117.** (c) $BCl_3$ (बोरॉन ट्राई क्लोराइड) अणु $sp^2$ संकरण और त्रिकोणीय समतलीय संरचना दर्शाता है।

**118.** (b) $SO_2$ अणु $sp^2$ संकरण तथा मुड़ी हुई संरचना दर्शाता है।

**119.** (c) $N_2$ अणु में बहुबन्धन के कारण

**120.** (a) इनमें *s*–लक्षण का % है–

$$\underset{(sp^3)}{CH_4} = \frac{100}{4} = 25, \quad \underset{(sp^2)}{C_2H_4} = \frac{100}{3} = 33,$$

$$\underset{(sp)}{C_2H_2} = \frac{100}{2} = 50$$

**121.** (a) जब समूह में ऊपर से नीचे आते हैं, तो अम्लीय गुण बढ़ता है, इसलिये *HI* सबसे प्रबल अम्ल है।

**122.** (c) '*S*' परमाणु पर दो एकाकी इलेक्ट्रॉनों की उपस्थिति के कारण $SO_2$ की संरचना '*V*' आकृति ($<120°$) और $sp^2$ संकरण होता है।

**123.** (a) $H_2CO_3$ और $BF_3$ में केन्द्रीय परमाणु $sp^2$ संकरित है। लेकिन $H_2CO_3$ में आयनिक $O-H$ बन्ध के कारण (ऑक्सीजन की उच्च ऋणविद्युतता) यह ध्रुवीय होगा।

**124.** (a) $NH_3$ के समान $PCl_3$ की आकृति भी $sp^3$ संकरण और *p* परमाणु पर एकांकी इलेक्ट्रॉन युग्म की उपस्थिति के कारण पिरामिडीय होती है।

**125.** (b) $C_2H_2$ में *sp* संकरण होता है इसलिये इसकी रेखीय संरचना होती है।

**126.** (c) अष्टफलकीय अणु में '6' संकरित कक्षक नियमित अष्टफलक के किनारो पर तथा 90° के कोण पर निर्देशित होते हैं।




इस ज्यामिति के अनुसार $X-M-X$ बन्धो की संख्या 180° पर तीन होनी चाहिये।

**127.** (d) $sp^3d^2$ संकरित कक्षक अष्टफलकीय आकृति रखते हैं।

